वर्ष : 33 ▸ अंक : 153 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 18 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


# बम की धमकी के बाद खाली कराया गया मॉल

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई के वाशी इलाके में स्थित एक प्रमुख मॉल को शनिवार को ई-मेल से मिली बम की धमकी के बाद खाली कराया गया। हालांकि मॉल की तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और धमकी झूठी निकली। पुलिस ने यह जानकारी दी। वाशी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 'इनऑर्बिट मॉल' को सुबह करीब 11:59 बजे एक ई-मेल मिला जिसमें लिखा था, 'हैलो, मैंने इमारत में बम लगा दिए हैं, इमारत के अंदर मौजूद हर व्यक्ति मारा जाएगा।'

### जांच जारी, कोई बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली



अधिकारी ने बताया कि मॉल को तुरंत खाली करा लिया गया और बम निरोधक दस्ते, एटीएस अधिकारियों, अग्निशमन कर्मियों और पुलिस ने श्वान दस्ते के साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि कोई बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने कहा, 'तलाशी दोपहर करीब 2:50 बजे खत्म हुई, जिसके बाद करीब तीन बजे मॉल को लोगों के लिए फिर से खोल दिया गया।' पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ई-मेल किसने भेजा और वह ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# लाडली बहन योजना का आगाज

## ▪ महिलाओं के खाते में आए 1 करोड़ 3 लाख रुपए

**एजेंसी | पुणे**

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन सरकार ने शनिवार को पात्र महिलाओं के लिए महत्वाकांक्षी 'माझी लाड़की बहिन' योजना की औपचारिक शुरुआत की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुणे के बालेवाड़ी क्षेत्र में शिव छत्रपति खेल परिसर में आयोजित उद्‌घाटन समारोह के दौरान कहा कि यदि हमें आपका सहयोग प्राप्त हुआ तो हम आपको 3,000 रुपए से अधिक की धनराशि देंगे। मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना (लाडली बहन) से लगभग एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभ मिल सकता है। महायुति सरकार ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के कुछ महीने बाद लाडली बहन योजना की शुरुआत करने का फैसला किया है।




### रक्षाबंधन से पहले दिया तोहफा

*कार्यक्रम का महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि रक्षाबंधन दो दिन बाद मनाया जाएगा लेकिन तीन प्यारे भाईयों मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने बहनों को पहले ही तोहफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि इस योजना को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में 1 करोड़ 3 लाख जमा किया जा चुका है।*

### महिलाओं का सम्मान

*उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी हो। इससे महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ेगी और हम महिलाओं का सम्मान करने वाला महाराष्ट्र बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना के लिए मार्च 2025 तक का प्रावधान किया गया है और आगे भी हर साल बजट में प्रावधान किया जाएगा।*

### 1 करोड़ 3 लाख रुपए जमा हो चुके

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि राज्य की महिलाओं को और अधिक सक्षम एवं सशक्त बनाने, उन्हें मान-सम्मान दिलाने के लिए बजट में मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि अब तक माताओं-बहनों के बैंक खाते में जुलाई और अगस्त माह में 3 हजार रुपए कुल 1 करोड़ 3 लाख रुपए जमा हो चुके हैं। अजित पवार ने कहा कि मां-बहनों की जिंदगी जीते हुए उन्हें आशाएं-अपेक्षाएं तो होती हैं लेकिन वे अपने हितों को किनारे रखकर परिवार की भलाई के लिए काम करती हैं। इस योजना के माध्यम से उनकी आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का काम किया जा रहा है।


### लाडका भाऊ योजना भी शुरू

*मुख्यमंत्री शिंदे ने युवाओं और समाज के अन्य वर्गों के लिए महायुति सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हमने 'लाडका भाऊ' (प्यारे भाइयों) के लिए एक नई योजना भी शुरू की है। युवाओं को नौकरी प्रशिक्षण और वेतन देने के उद्देश्य से शुरू की गई नई योजना को अस्थायी रूप से 'लाडका भाऊ' योजना का नाम दिया गया है। यह 'मुख्यमंत्री युवा कार्यक्रम प्रशिक्षण योजना' का हिस्सा है।*

# वोटों के लिए लाड़ली बहनों को रिश्वत दे रही है महायुति सरकार: उद्धव

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना (उद्धव) पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि राज्य सरकार पर मुख्यमंत्री मेरी लाड़ली बहन योजना को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सरकार आगामी विधानसभा चुनाव में वोट हासिल करने के लिए लाड़ली बहनों को प्रति महीने 1500 रुपए का रिश्वत दे रही है। लेकिन यह सरकार सत्ता में लौटी तो इन्ही महिलाओं को बेघर कर देगी। शनिवार को उद्धव ने चेंबूर स्थित राष्ट्रीय केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) कर्मचारी सेना के कार्यालय का उद्घाटन किया।



उद्धव ने कहा कि शिवसेना (अविभाजित) से बगावत करने वाले गद्दार विधायकों को 50 खोखे दिया गया है। मगर लाड़ली बहनों को केवल प्रति महीने 1500 रुपए दिया जा रहा है। यदि महायुति की दोबारा सरकार बनी तो सत्ताधारी महिलाओं को बेघर कर देंगे।

### 'मुंबई का भूखंड अदाणी और लोढ़ा को नहीं देने देंगे'

*उद्धव ने मुंबई की जमीनों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीकेसी की जमीन को बुलेट ट्रेन परियोजना को दे दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में बैठे अपने मालिक की सुपारी लेकर बुलेट ट्रेन के लिए जमीन दी है।। सरकार मुंबई के महत्वपूर्ण इलाकों की जमीन को अदाणी समूह और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के समूह को देने का प्रयास कर रही है। लेकिन शिवसेना (उद्धव) सरकार के मंसूबा कामयाब नहीं होने देगी।*

# चुनाव से पहले मुंबई में MVA का शक्तिप्रदर्शन

## राहुल के साथ दिखेंगे उद्धव, शरद पवार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ रह चुके महाविकास आघाडी (MVA) के नेता उद्धव ठाकरे और शरद पवार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त को मुंबई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ शामिल होंगे। इस संबंध में कांग्रेस ने बताया कि बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महाराष्ट्र के एआईसीसी प्रभारी रमेश चेन्निथला भी शामिल होंगे। बता दें कि कांग्रेस ने राजीव गांधी की जन्मस्थली मुंबई में उनकी जयंती मनाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन करने का फैसला किया है। MVA में शामिल कांग्रेस, राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया है, हालांकि अभी उनके बीच सीट-बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई है। MVA के घटक दलों के बीच 16 अगस्त को एक बैठक हुई थी, जिसमें शिवसेना (UTB) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मांग की थी कि गठबंधन को अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रत्येक घटक को मिलने वाली सीटों की संख्या पर गौर करने के बजाय पहले ही अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर देना चाहिए।

# पालघर में भूकंप के तेज झटके

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 मापी गई। भूकंप का झटका लगने से लोगों में डर का माहौल है। लोग झटके के बाद घर से बाहर निकल कर आ गए। लोग झटके के बाद घर से बाहर निकल कर आ गए। बताया जा रहा है कि भूकंप का पहला झटका सुबह 6.35 बजे लगा और उसके बाद 6.40 को भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया। बताया जा रहा है कि भूकंप का यह झटका डहाणू इलाके में महसूस किया गया है। इस घटना से अब तक कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

# पासपोर्ट के लिए जाली जन्म प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल

## फर्जी वेबसाइट का पर्दाफाश ▪ 32 लोगों पर एफआईआर, 27 गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

पूर्व प्रोबेशनर आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के फर्जी सर्टिफिकेट प्रकरण के खुलासे के बाद सरकारी मशीनरी हरकत में आ गई है। शिवाजी नगर पुलिस की त्वरित सूझबूझ से फर्जी दस्तावेज सत्यापन साइट का भंडाफोड़ किया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. महेश पाटिल और पुलिस उपायुक्त (जोन-6) हेमराज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बापूराव देशमुख ने पासपोर्ट आवेदन में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का इस्तेमाल करने वाले 32 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने इस संबंध में




8 महिलाओं और 19 पुरुषों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने जाली जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग करके भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने का प्रयास किया था। जिनकी उम्र 22 से लेकर 64 वर्ष तक की है।

### एक ही लिंक से कई राज्यों में बना जन्म प्रमाणपत्र

पुलिस जांच में सामने आया कि सभी फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट एक ही बोगस ऑनलाइन वेबसाइट https://crsorgi.gov.in/web/index.php की लिंक द्वारा बनाई गई है। दलालों के गिरोह ने पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए मोटी रकम लेकर नकली जन्म प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक आदि राज्यों के विभिन्न जिलों के सरकारी हॉस्पिटल और जिला महिला चिकित्सालय के नाम पर बनाकर दिया है। इसमें अधिकतर फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट यूपी राज्य की है। पासपोर्ट वेरिफिकेशन के पुलिस हवलदार अजय जाधव की शिकायत पर, शिवाजी नगर पुलिस की अलग अलग टीम ने उस जगह पर जा कर एक-एक बर्थ सर्टिफिकेट की जांच गहनता से की है।

### दोपहर इन्फो

#### पासपोर्ट बनाने के लिए महत्वपूर्ण कागज़ात

**26 जनवरी 1950 या उसके बाद और 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे व्यक्ति के लिए**

- जन्म प्रमाण पत्र
- जन्म तिथि और जन्म स्थान का निर्णायक प्रमाण

**1 जुलाई 1987 को या उसके बाद और 3 दिसंबर 2004 से पहले**

- आवेदक के अलावा उसके माता-पिता में से किसी एक का जन्म प्रमाण पत्र या लिविंग सर्टिफिकेट
- आवेदक के जन्म के समय उसके माता-पिता में से कोई एक भारत का नागरिक होना चाहिए

**3 दिसंबर 2004 को या उसके बाद भारत में पैदा हुआ व्यक्ति**

- आवेदक का जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट और आवेदक के जन्म के समय उसके माता-पिता दोनों भारत के नागरिक हो

# दो यात्री सोना रखने के आरोप में गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शनिवार को अबु धाबी से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए दो यात्रियों को सीमा शुल्क का भुगतान किए बिना मोम के रूप में 4.52 किलोग्राम सोने की भस्म रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों से जब्त किए गए सोने की कीमत लगभग 3.33 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि दोनों यात्रियों को विशेष सूचना के आधार पर उस दौरान गिरफ्तार किया गया जब वह 'कस्टम ग्रीन चैनल' को पार कर चले गए थे। 'कस्टम ग्रीन चैनल' उन यात्रियों के लिए है जिनके पास कोई शुल्क योग्य सामान नहीं है। डीआरआई अधिकारियों को एक यात्री की जैकेट की जेब में विदेशी सोने (मोम के रूप में सोने की भस्म) के चार पैकेट मिले। ये पैकेट अबु धाबी में एक अन्य यात्री ने उसे सौंपे थे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कसा तंज

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। हालांकि महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन चुनाव आयोग ने सिर्फ जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिए चुनाव घोषित किए। एक सवाल के जवाब में आयोग ने कहा कि चार जगहों पर एक साथ चुनाव कराने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती एक बड़ी दिक्कत



हो सकती है। इसलिए अभी दो जगहों पर चुनाव की घोषणा की गई है। अब इस पर एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा था कि पूरे देश का चुनाव एक साथ होना चाहिए। लेकिन, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में ही चुनाव घोषित किए गए। जबकि, झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव घोषित नहीं हुए।

# अमित शाह से मिले जुल्फकार अली

## बीजेपी में हो सकते हैं शामिल

**एजेंसी | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के उपाध्यक्ष चौधरी जुल्फकार अली ने गृह मंत्री अमित शाह से शनिवार को मुलाकात की। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली से दोनों की बैठक हुई। अटकलें हैं कि जुल्फकार बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।



### पेशे से वकील हैं जुल्फकार

*जुल्फकार अली पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने 2008 और 2014 के विधानसभा चुनावों में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) के टिकट पर राजौरी जिले की दरहाल विधानसभा से चुनाव लड़ा था। दोनों चुनाव में उन्हें जीत हासिल हुई थी। 2015 से 2018 तक वे महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली PDP-BJP गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे थे। लेकिन BJP के गठबंधन सरकार से बाहर होने के बाद जून 2018 में गठबंधन की ये सरकार गिर गई थी। इसके बाद पूर्व मंत्री अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व में कई PDP नेताओं ने साल 2020 में JKAP यानी जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी की स्थापना की थी। जुल्फकार अली इसके संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।*

## मुश्किल में सिद्धारमैया ▸ सिद्धारमैया पर जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी डॉक्यूमेंट्स लगाने का आरोप

# कर्नाटक सीएम के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में चलेगा केस, राज्यपाल ने दी मंजूरी

**एजेंसी | बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केस चलेगा। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार (17 अगस्त) को इसकी आधिकारिक अनुमति दे दी है। सिद्धारमैया पर मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) की जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का आरोप है। 26 जुलाई को राज्यपाल ने नोटिस जारी कर CM से 7 दिन में जवाब मांगा था। 1 अगस्त को कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को नोटिस वापस लेने की सलाह दी और उन पर संवैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। MUDA घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है। एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि CM ने MUDA अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाए।

### सिद्धारमैया की पत्नी की 3 एकड़ जमीन से जुड़ा है MUDA घोटाला



दरअसल, सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के पास मैसुरु जिले के केसारे गांव में 3 एकड़ और 16 गुंटा जमीन थी। ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी। MUDA ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था। हालांकि इस जमीन के बदले 2022 में बसवराज बोम्मई सरकार ने पार्वती को साउथ मैसुरु के पॉश इलाके में 14 साइट्स दिए थे। इनका 50:50 अनुपात योजना के तहत कुल 38,283 वर्ग फीट एरिया था।

### MUDA केस क्या है?

*साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) ने कुछ जमीन रिहायशी इलाके में विकसित करने के लिए किसानों से ली थी। इसके बदले MUDA की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत अधिग्रहित भूमि मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई। 1992 में MUDA ने इस जमीन को डीनोटिफाई कर कृषि भूमि से अलग किया था। 1998 में अधिगृहित भूमि का एक हिस्सा MUDA ने किसानों को डेनोटिफाई कर वापस कर दिया। यानी एक बार फिर ये जमीन कृषि की जमीन बन गई।*

# मेट्रो परियोजना की मंजूरी मिलने से ठाणे के विकास को लगेंगे पंख

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे में बहुप्रतीक्षित मेट्रो परियोजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आखिरकार मंजूरी दे दी गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री को विशेष रूप से धन्यवाद दिया है। ठाणे की मेट्रो रेल परियोजना की लंबाई 29 किलोमीटर होगी, इसमें 26 किमी की उपरी सेतु पर और तीन किलोमीटर भूमिगत होगी।



### 1992- 93 के मनपा के बजट में प्रस्तावित की गई थी मेट्रो रेल की योजना

ठाणे मनपा ने शनिवार को एक बयान जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निरंतर प्रयासों के बाद इस नगर में मेट्रो परियोजना कोमंजूरी मिल गई है। अब जल्द ही इस महत्वाकांक्षी योजना को आकार किया जाएगा। ठाणे मनपा के तीन दशक से चल रहे वार्षिक आर्थिक बजट में सदा ही इस मेट्रो रेल योजना का विशेष रूप से उल्लेख किया जाता रहा। यह योजना सन 1992- 93 के मनपा के बजट में अंतर्गत मेट्रो रेल की योजना प्रस्तावित की गई थी। उस समय न तो घोड़ाबंदर हाइवे का विस्तार नही हुआ था, न ही मुंबई मेट्रो की परिकल्पना सामने थी। ठाणे के मेट्रो रेल के प्रस्ताव को कई बार केंद सरकार ने निरस्त किया था। मनपा ने कहा कि परियोजना ठाणे शहर के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय से परियोजना को गति मिलेगी।

### 29 किलोमीटर होगी मेट्रो रेल की लंबाई

ठाणे मनपा के अनुसार नगर में मेट्रो रेल की लंबाई 29 किलोमीटर होगी। इसमें 26 किमी की यात्रा उपरी सेतु पर और तीन किलोमीटर भूमिगत होगी। ठाणे रेलवे स्टेशन पर इसका भूमिगत स्टेशन होगा, यह मुंबई मेट्रो को भी जोड़ने का काम करेगी। इसके बनने से ठाणे में यातायात की भीड़ नियंत्रित होगा। जहां मुंबई मेट्रो नही जाती है, वहां लोगों को कम शुल्क में आरामदायक सफर कराएगी। इसमें 20 स्टेशन एलिवेटेड और दो स्टेशन भूमिगत होंगे। इसका उल्हास नदी तक विस्तार होगा। इस परियोजना पर लगभग 12 हजार 200 करोड़ रुपये खर्च होगा। यह रिंग मेट्रो रेल नौपाड़ा, वागले एस्टेट, डोंगरी पाड़ा, हीरानंदानी एस्टेट, कोलशेत, साकेत से होकर गुजरेगी। यह परियोजना साल 2029 तक पूरा होगी और इससे लगभग 6 .47 लाख यात्रियों को लाभ होगा।

### मुख्यमंत्री शिंदे ने जताया आभार

इस मेट्रो रेल परियोजना को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और तत्कालीन केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आंतरिक मेट्रो परियोजना ठाणे शहर के लिए एक ऐतिहासिक परियोजना है।

# 'बर्दाश्त नहीं किया जाएगा राष्ट्रीय ध्वज का अपमान'

## वंचित बहुजन आघाडी की मनपा प्रशासन को चेतावनी

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उल्हासनगर मनपा प्रशासन और स्थानीय राजनीतिक नेताओं की ओर से हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया, लेकिन अस्वच्छ और अवांछित स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाए गए हैं। वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष उज्वल महाले ने मनपा प्रशासन को निवेदन पत्र देकर मांग की है कि राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया है और मनपा प्रशासन तुरंत इस झंडे सम्मानपूर्वक हटा दें।



### जोरदार आंदोलन की चेतावनी

वंचित बहुजन अधाड़ी ने आरोप लगाया है कि मनपा प्रशासन और कुछ राजनीतिक नेता कचरे के डिब्बे, मटन, चिकन, शराब बार आदि स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के जिम्मेदार हैं। इस संबंध में बहुजन अघाड़ी उल्हासनगर (पी) शहर अध्यक्ष उज्वल महाले के नेतृत्व में उल्हासनगर मनपा उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव से मुलाकात की और निवेदन पत्र देते हुए चेतावनी दी गई है कि जिन स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है, वहां से सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज को हटाया जाए और सुरक्षित रखा जाए, अन्यथा वंचित बहुजन अघाड़ी की ओर से जोरदार आंदोलन किया जाएगा

# मंदबुद्धि 9 वर्षीय बालक को पुलिस ने मात्र २ घंटे में ढूंढा

## परिजनों को सुपुर्द किया गया बालक

दोपहर संवाददाता । भिवंडी



भिवंडी के मौलाना आजादनगर इलाके से गायब हुए एक 9 वर्षीय मंदबुद्धि बच्चे को पुलिस ने मात्र 2 घंटे में खोजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।उक्त बच्चा मंदबुद्धि का था जो खेल खेल में ही घर से कुछ दूरी पर स्थित नदीनाका इलाके में चला गया था।जिसे खोज निकालने पर परिजनों में न सिर्फ खुशी फैल गई, बल्कि उक्त लोगों ने इस तत्परता के लिए पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

### खेलते समय रास्ता भटक गया था बच्चा

पुलिस के अनुसार, भिवंडी के मौलाना आजाद नगर इलाके में रहने वाला मो इजाद अहमद शफी शेख (9) शुक्रवार को दोपहर में 12 बजे अचानक गायब हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब बच्चे का कुछ पता नही लगा तो परिजनों ने इसकी अपहरण की आशंका को लेकर शिकायत दर्ज कराने के लिए निजामपुर पुलिस स्टेशन पहुंचे।निजामपुर पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई संतोष आव्हाड ने मामले को गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपनिरीक्षक विशाल पवार के नेतृत्व में हवलदार तरे, पुलिस शिपाई सोनवणे का एक टीम बनाकर तत्काल पुलिस स्टेशन की हद में बच्चे की खोजबीन में लगा दिया। उक्त पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत कर व रिक्शा चालक तनवीर अंसारी की मदद से बच्चे को स्थानीय नदीनाका इलाके से बरामद किया है। पीएसआई पवार ने बताया कि बच्चा मंदबुद्धि है तथा वह मात्र अपना नाम मोहम्मद ही बता पा रहा था। इसके बाद बच्चे को उक्त टीम पुलिस स्टेशन लेकर आई और उसे उसके परिजनों के हवाले कर दिया। गायब बच्चे को पाकर उसके साथ अनहोनी की आशंका को लेकर बुरा हाल परिजनों के चेहरे पर खुशी आ गई और उक्त लोगों ने तत्परता से बच्चे को खोजने के कारण पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# धर्मांतरण को रोकने के लिए उल्हासनगर में निकली 'आक्रामक रैली'

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर में धर्मांतरण को रोकने के लिए विश्व हिंदू परिषद और सकल हिंदू समाज द्वारा भव्य आक्रामक रैली निकाली गई। यह रैली उल्हासनगर केम्प क्रमांक 5 समता नगर से तहसीलदार कार्यालय तक निकाली गई।




### लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अभी हाल ही में एक चौधरी परिवार की लड़की को ब्रेन वास करके मुस्लिम धर्म में धर्मांतरण करवा दिया गया जिससे उसके परिवार वाले बहुत ही परेशान थे। धर्मांतरण का यह सिलसिला उल्हासनगर शहर में तेजी से फैल रहा है, जिसको रोकने के लिए शनिवार के दिन उल्हासनगर में भव्य आक्रामक रैली निकाली गई। इस मोर्चे का नेतृत्व भाजपा के युवा नेता नितेश राणे कर रहे थे। मोर्चे में विधायक रितेश राणे, उल्हासनगर विधानसभा विधायक कुमार आयलानी, भाजपा अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनू पुरुस्वानी, सिंधी साहित्य अकादमी कार्याध्यक्ष महेश सुखरामनी, बदलापूर के पूर्व नगराध्यक्ष राम पातकर किशोर वनवारी, दीपक छतलानी, सिंधू शर्मा और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, बजरंग दल के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल थे। इस मोर्चे का उद्देश्य लव जिहाद और धर्मांतर के खिलाफ जागरूकता फैलाना और सरकार से कार्रवाई की मांग करना था। मोर्चे में शामिल लोगों ने लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ नारे लगाए और सरकार से कार्रवाई की मांग किया।

# राष्ट्रीय फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन

दोपहर संवाददाता । ठाणे




विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर लगातार दूसरे वर्ष हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे स्मारक पर लगी राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक प्रताप सरनाईक ने किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न फोटोग्राफरों की खींची गई दुनिया का अनुभव कराने वाली फोटो का प्रदर्शन किया गया है। इस मौके पर विधायक सरनाईक ने कहा कि अगले चार दिन तक लगी रहने वाली इस प्रदर्शनी को नागरिक और विद्यार्थी को जरूर देखना चाहिए। इस अवसर पर विधायक निरंजन डावखरे, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त (सूचना जनसंपर्क) उमेश बिरारी, उपायुक्त (खेल) मीनल पलांडे, ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष उपस्थित थे। विधायक सरनाईक और विधायक डावखरे ने प्रदर्शनी देखने के बाद फोटोग्राफरों के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर विधायक निरंजन डावखरे ने सुझाव दिया कि नगर पालिका और सरकार को फोटोग्राफरों को व्यावसायिक सुरक्षा देने के बारे में सोचना चाहिए।

# हत्या मामले में फरार यूपी के दो भाई गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । ठाणे।

उत्तर प्रदेश में एक हत्या के मामले में वांछित दो आरोपितों को ठाणे पुलिस ने यहां के बसंत विहार के नीलकंठ की इमारत से गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपित पिछले सात साल से फरार थे और इन दोनों पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



### दोनों आरोपित पिछले सात साल से थे फरार

बताया गया कि ठाणे पुलिस की जबरन वसूली विरोधी इकाई को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ से हत्या के दो आरोपितों के ठाणे के बसंत विहार में छिपे होने की सूचना 16 अगस्त को मिली थी। इसके बाद जबरन वसूली विरोधी इकाई के पुलिस निरीक्षक मालोजी शिंदे और सहायक पुलिस निरीक्षक भूषण कपड़नीस के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार रात को बसंत विहार के नीलकंठ की एक इमारत पर छापा मारा। पुलिस ने यहां से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के शुक्लपुर अठखेरिया के दो सगे भाई मोनू उर्फ विभास उर्फ प्रशांत कपिल शुक्ल और रजत उर्फ प्रभात कपिल शुक्ल को गिरफ्तार कर लिया। ठाणे पुलिस कमिश्नर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ये दोनों आरोपित पिछले सात साल से फरार थे और हत्या मामले में दोनों पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित था।

# महिलाओं ने मनपा आयुक्त को रोक कर बताई सफाई की जमीनी हकीकत

## आयुक्त की फटकार पर निरुत्तर हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम के दौरान पास की सोसायटी की सभी महिलाओं ने मनपा आयुक्त के सामने साफ सफाई के अनेक मुद्दों को लेकर के शिकायत की। मनपा आयुक्त द्वारा वहां मौजूद मनपा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से जब महिलाओं की शिकायत के बारे में स्पष्टीकरण मांगा तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गोलमोल उत्तर देने लगे और उनके पसीने छूट गए और वह आयुक्त के सवालों का जवाब नहीं दे पाए।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में स्पष्ट देखा गया कि मनपा आयुक्त कल्याण भिवंडी रोड पर प्रभाग समिति क्रमांक दो के नवीन कार्यालय का उद्घाटन व पंडित दीनदयाल उपाध्याय रात्रि निवारा केन्द्र में गरीब जरूरतमंद लोगों में जीवन आवश्यक सामग्री का वितरण कार्यक्रम में गए थे।


नवीन कार्यालय उद्घाटन के बाद जैसे मनपा आयुक्त अजय वैद्य बाहर निकले। वैसै सोसाइटी की महिलाओं ने उन्हें घेर लिया और समय पर कचरा नहीं उठाने,गाड़ी नहीं आने की शिकायत की। इस दरमियान पालिका के अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके,उपायुक्त मुख्यालय नयना ससाणे,उपायुक्त समाज कल्याण डॉ.अनुराधा बाबर, प्रभारी शहर अभियंता सचिन नाईक सहित मनपा अधिकारियों का पूरा लश्कर मौजूद था। समय पर कचरा नहीं उठाने पर आयुक्त अजय वैद्य ने सफाई विभाग अधिकारी जे.एम.सोनवणे इस बारे में जब पूछा तो आरोग्य अधिकारी सोनवणे टालमटोल करते हुए हां हजुरी करते रहे । इसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पूरे शहर में मनपा प्रशासन की काफी किरकिरी हो रही है।

# स्कूल का सफाईकर्मी बना हैवान

## तीन साल की दो बच्चियों से की दरिंदगी

दोपहर संवाददाता । बदलापुर

बदलापुर शहर के पूर्व परिसर स्थित शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में महज तीन से चार साल की दो बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जब माता-पिता को इसका एहसास हुआ, तो वे स्कूल और पुलिस के पास पहुंचे। इस मामले में पुलिस द्वारा केस को दर्ज करने में टाल मटोल किए जाने से अभिभावकों में नाराजगी का माहौल है। शुक्रवार की देर रात 1 बजे यह मामला दर्ज हुआ, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी स्कूल में साफ सफाई का काम करता है।



### अभिभावकों के बीच हड़कंप

शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में इस तरह की घटना होने से अभिभावकों के बीच हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक स्कूल में जूनियर केजी में पढ़ने वाली दो बच्चियों के साथ यह घटना घटी है। इनमें एक बच्ची की उम्र 3 साल 10 महीने तथा दूसरी की उम्र मात्र 4 वर्ष है। 4 वर्षीय मासूम ने अपने माता पिता को बताया कि स्कूल में दादा के नाम से मशहूर एक शख्स ने उसके प्राइवेट पार्ट्स को छुआ है।

### डॉक्टरों ने की पुष्टि

फिर माता-पिता ने उस लड़की की कक्षा की एक अन्य लड़की के माता-पिता को सूचित किया। संदेह होने पर वह अपनी बेटी को जांच के लिए बदलापुर पूर्व के एक अस्पताल में ले गए। इस जांच के बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने पुष्टि की कि मासूम से संबंध स्थापित किया गया है।

### एफआईआर दर्ज

डॉक्टरों ने घटना की पुष्टि करने के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारी और अभिभावक थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त सुरेश वराडे ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और जांच जारी है। वराडे ने यह भी कहा है कि आरोपी स्कूल का ही सफाई कर्मचारी है। पुलिस ने कहा कि अभिभावकों की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही।

# शेट्टी समाज ने 100 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

श्री मूकाम्बिका देवी मंदिर बिड़ला गेट शहाड उल्हासनगर 1 में एचएससी और एसएससी में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुस्तक सामग्री वितरण करके सम्मानित किया गया। श्री मूकाम्बिका देवी मंदिर कल्याण (प) द्वारा, शहाड द्वारा आयोजित इस शैक्षिक सामग्री वितरण कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद छात्रों को 100 स्कूल बैग दान किये गये। इस अवसर पर मंदिर समिती व विश्वनाथ भोईर (विधायक),चंद्रकांत शेट्टी, राजेश शेट्टी, जगदीश शेट्टी व विश्वनाथ शेट्टी, उदय शेट्टी सहित शहर के कई गणमान्यों उपस्थित थे।

# डॉक्टरों ने निकाला मूक मोर्चा

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

कोलकाता के आरजी कार मेडिकल कॉलेज में मेडिकल छात्रा के साथ हुए रेप व मर्डर के विरोध में भिवंडी के सभी अस्पताल जहां 24 घंटे के लिए बंद किए गए,वही इंडियन मेडिकल एसोशिएशन के बैनर तले शहरभर के सैकड़ों डॉक्टरों ने प्रांत कार्यालय पर मूक मोर्चा निकलकर विरोध प्रदर्शन किया।साथ ही सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के साथ आरोपियों पर कड़ी कार्यवाई की मांग की गई।




- आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शहर में 24 घंटे मेडिकल सेवा रही बंद, जरूरी सेवा शुरू
- अस्पतालों में 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी के साथ ही सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग

### 'बेटी पढ़ी,लेकिन बची नहीं'

मेडिकल प्रेक्टिशनर एसोशिएशन की भिवंडी शहर अध्यक्ष डॉ उज्जवला वर्धापुरकर व सचिव डॉ संजीव कुमार रत्नापूरकर के नेतृत्व में 17 अगस्त को दोपहर में शहरभर के डॉक्टरों ने मनपा की पुरानी बिल्डिंग के सामने स्थित अंबेडकर पुतला से उपविभागीय अधिकारी कार्यालय तक मोर्चा निकाला गया। इस दौरान डॉक्टरों के हाथ में 'बेटी पढ़ी,लेकिन बची नहीं' जैसे कई स्लोगन हाथों में लेकर कोलकाता मेडिकल छात्रा के साथ हुए बर्बरता का विरोध किया गया।

### 150 से ज्यादा महिला पुरुष डॉक्टर आंदोलन में शामिल

इस दौरान शहरभर के 150 से ज्यादा महिला पुरुष डॉक्टर इस आंदोलन में शामिल थे। इसके अलावा डॉक्टरों ने अस्पतालों में सुरक्षित माहौल किए जाने की मांग की गई।साथ ही अस्पतालों में 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी के साथ ही सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने के साथ कई अन्य मांग की गई। इस दौरान मेडिकल प्रेक्टिशनर एसोशिएशन की भिवंडी शहर अध्यक्ष डॉ उज्जवला वर्धापुरकर ने बताया कि इसके अलावा उक्त रेप व मर्डर कांड में पीड़िता के समर्थन व शुरू हिंसा के विरोध में शहर के सभी अस्पताले इंडियन मेडिकल एसोशिएशन के बैनर तले 17 अगस्त को सुबह 6 बजे से 18 अगस्त को सुबह 6 बजे तक 24 घंटे के लिए अस्पताल बंद किए गए है।

# पैगंबर के खिलाफ विवादित टिप्पणी से मचा बवाल

## रामगिरी महाराज पर ठाणे में FIR दर्ज

दोपहर संवाददाता । ठाणे।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हिंदू धर्म से जुड़े नेता रामगिरी महाराज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया था कि हाल में नासिक जिले में सिन्नर तालुका के शाह पंचाले गांव में एक धार्मिक आयोजन के दौरान रामगिरी महाराज ने कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मुंब्रा पुलिस ने रामगिरी महाराज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से बात कहना) और कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिनमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धर्म के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना और आपराधिक धमकी देने से संबंधित धाराएं शामिल हैं। रामगिरी महाराज के खिलाफ राज्य के नासिक और छत्रपति संभाजीनगर जिलों में भी प्राथमिकियां दर्ज हैं। रामगिरी महाराज ने कहा है कि उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में यह बयान दिया था। उन्होंने शुक्रवार को कहा था, ''मेरा एकमात्र मकसद हिंदुओं को एकजुट करना था।

दो बजे **दोपहर**
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** — सफलता की राह हमेशा निर्माणाधीन होती है : रॉबर्ट रेडफ़ोर्ड

केंद्र से एक लाख करोड़ का निवेश | महाराष्ट्र उद्योग जगत में अग्रणी | दुनिया का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क महाराष्ट्र में

न्यूज़ ब्रीफ

## मुंबई में खुदकुशी कर रही महिला को पुलिस ने बचाया



### अटल सेतु से लगाई थी छलांग, वहां खड़े शख्स ने बाल पकड़कर ऊपर खींचा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

नवी मुंबई के अटल सेतु से कूदकर जान देने की कोशिश कर रही एक 57 वर्षीय महिला को एक कैब ड्राइवर और पुलिस ने बचा लिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें दिख रहा है कि महिला जैसे ही पुल से कूदने की कोशिश करती है, कैब ड्राइवर उसे पकड़ लेता है। पुलिस के अनुसार, घटना शाम करीब 7 बजे की है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मुलुंड की रहने वाली महिला ने 31 वर्षीय संजय यादव से धार्मिक फोटो समुद्र में विसर्जित करने के बहाने पुल पर कैब रोकने को कहा था।

### ड्राइवर ने बचाई जान

पुलिस ने बताया कि उन्हें कार रुकने और महिला के रेलिंग पार करने की सूचना मिली थी। पुलिस को देखकर महिला ने समुद्र में कूदने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर ने उसके बाल पकड़कर उसे बचा लिया। चार कांस्टेबल तुरंत रेलिंग कूदकर उसे खींचने के लिए दौड़े। इसके बाद महिला को नवी मुंबई के पुलिस स्टेशन ले जाया गया और उसके परिजनों को सूचित किया गया।

# विपक्ष को शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा का करारा जवाब

दोपहर संवाददाता । मुंबई

केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है और पिछले चार महीनों में राज्य में एक लाख करोड़ का निवेश हुआ है। उद्योग के क्षेत्र में महाराष्ट्र देश में अग्रणी बन गया है। मेट्रो परियोजनाओं के लिए 15,000 करोड़ रुपये की मंजूरी मिलने से मुंबई एमएमआर क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बुना जा रहा है, ऐसा वक्तव्य शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने किया। वह बाळासाहेब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

### आने वाले समय में एमएमआर क्षेत्र में 14 मेट्रो लाइनें अस्तित्व में आएंगी




केंद्र सरकार ने राज्य को क्या दिया, यह पूछने वाले विपक्ष को सांसद देवड़ा ने करारा जवाब दिया। पिछले चार महीनों में वाढवण बंदरगाह सहित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से महाराष्ट्र को 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। सांसद देवड़ा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुणे और ठाणे की मेट्रो परियोजनाओं के लिए 15 हजार करोड़ की धनराशि मंजूर की है। मेट्रो परियोजनाओं का विस्तार मुंबई और पुणे शहरों के लिए गेम चेंजर साबित होने वाला है। सांसद देवड़ा ने कहा कि हमें गर्व है कि महाराष्ट्र में दुनिया का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है। कुछ लोग जब सत्ता में थे, तब मेट्रो का विरोध कर रहे थे, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें एमएमआर क्षेत्र के निवासियों के दर्द को कम करने की कोशिश कर रही हैं। केंद्र सरकार की मदद से शहर में अत्याधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित की जा रही है। आने वाले समय में एमएमआर क्षेत्र में 14 मेट्रो लाइनें अस्तित्व में आएंगी। इससे मुंबई महानगर के नागरिकों की दैनिक यात्रा और अधिक आरामदायक हो जायेगी, ऐसा विश्वास सांसद देवड़ा ने विश्वास जताया।

### मुख्यमंत्री पद के लिए उबाठा का समर्थन नहीं करेगी कांग्रेस

महाविकास अघाड़ी में फिलहाल मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है। इस पर सांसद देवड़ा ने कहा कि मैं कांग्रेस की कार्यप्रणाली को अच्छे से जानता हूं। वह कभी भी उद्धव ठाकरे के नाम पर सहमत नहीं होंगे।

# कार्यकर्ताओं से वन टू वन मिले शरद पवार

## विधानसभा चुनाव की तैयारी की ली जानकारी



दोपहर संवाददाता । मुंबई/नागपुर

राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रमुख शरद पवार शनिवार को शहर में पहुंचे। नागपुर व वर्धा जिले के दौरे के सिलसिले में वे आए। सुबह विमानतल पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बाद में वे सिविल लाइन में एक सत्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बीच वर्धा मार्ग स्थित होटल रेडिसन ब्लू में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। सत्कार कार्यक्रम के पहले व बाद में उन्होंने दो बार कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरे के समय पवार एकदम सामान्य कार्यकर्ताओं से अधिक चर्चा करते नजर आए।

### विदर्भ की 4 से 5 सीटों का ब्यौरा रखा गया

नागपुर के अलावा भंडारा, गोंदिया, गडचिरोली व चंद्रपुर के कार्यकर्ताओ से उन्होंन वन टू वन बात की। कार्यकर्ताओं ने भी महाविकास आघाडी व राकांपा अजित गुट के संबंध में विविध विषयों पर खुलकर चर्चा की। रेडिसन ब्लू में चर्चा के समय पूर्व मंत्री अनिल देशमुख , प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण कुंटे प्रमुखता से उपस्थित थे। विधानसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में चर्चा के समय पूर्व नागपुर विधानसभा क्षेत्र का विषय प्रमुखता से सामने आया। दावा किया गया कि इस क्षेत्र में इस बार महाविकास आघाडी के पक्ष में वातावरण है। क्षेत्र में भाजपा ने लगातार 3 बार जीत पायी है। कांग्रेस में गुटबाजी है। कांग्रेस के इच्छुक उम्मीदवार आपस में उलझे हुए हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में राकांपा का दावा मजबूत हो सकता है। काटोल क्षेत्र में अनिल देशमुख विधायक हैं। हिंगणा क्षेत्र में पूर्व मंत्री रमेश बंग या उनके परिवार के किसी सदस्य को पुन: मौका दिया जाए तो पार्टी को लाभ मिल सकता है। उधर अफजल फारुख सहित अन्य कुछ पदाधिकारियों ने विदर्भ की 4 से 5 सीटों का ब्यौरा रखा।

### वर्धा में जिला स्तर पर पार्टी संगठन कमजोर

बताया गया है कि राकांपा में कुछ सीटों पर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि को चुनाव लड़ने देने का निवेदन किया गया है। यह भी कहा गया है कि चुनाव तैयारी के लिहाज से जिला स्तर पर पार्टी संगठन कमजोर है। ऐसे में कुछ चिन्हित सीटों पर ही चुनाव तैयारी की जाए। वर्धा में राकांपा का लोकसभा सदस्य है। वहां राजनीतिक स्थिति में तेजी से बदलाव आ रहा है। कांग्रेस में चुनाव लड़ने के इच्छुकों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में गुटबाजी से दूर रहते हुए राकांपा को उम्मीदवारी दिलाने की मांग की गई है। पवार ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि चुनाव के पहले ऐसी कोई गतिविधि न करें जिससे पार्टी को नुकसान हो। भाजपा व सत्ता पक्ष के अन्य दल दुष्प्रचार कर सकते हैं। उनका जवाब देने को तैयार रहे।


# उद्धव ठाकरे के बयान का संजय राउत ने किया बचाव



दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई में हुए महा विकास आघाड़ी के महासम्मेलन में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चुनाव से पहले एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने के लिए कहा था। इस पर शरद पवार और महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले ने चुप्पी साध ली। उद्धव ठाकरे की इस बात को महा विकास आघाड़ी में दरार के रूप में देखा जा रहा था। अब इस मामले में सांसद संजय राउत ने उद्धव ठाकरे का बचाव करते हुए इन बातों को खारिज किया हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के किसी भी नेता को समर्थन देने की पेशकश कर उदारता का परिचय दिया है। राउत ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सहयोगियों से उनके मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने के ठाकरे के आह्वान के पीछे दबाव की राजनीति के दावों को खारिज कर दिया। शिवसेना सांसद राउत ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में ठाकरे व्यापक रूप से स्वीकार्य हैं और उनका रुख महाराष्ट्र के लिए फायदेमंद है। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए सत्तारूढ़ महायुति से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने को कहा। राउत ने कहा कि "उद्धव ठाकरे ने एमवीए द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित किसी भी व्यक्ति को समर्थन देकर बड़प्पन दिखाया है।

### क्या बोले थे उद्धव ठाकरे ?



बता दें कि उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को महा विकास आघाड़ी के महासम्मेलन के दौरान कहा था कि महा विकास आघाड़ी को सबसे पहले अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय करना चाहिए, न कि इस तर्क पर चलना चाहिए कि कौन सी पार्टी अधिक सीट जीतती है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) द्वारा घोषित किसी भी उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। उद्धव ठाकरे की अपील के बावजूद राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने से परहेज किया। महाराष्ट्र कांग्रेस समिति के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर फैसला 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं को करना है।

### 'मैं अपने लिए नहीं लड़ रहा'

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा एमवीए के महासम्मेलन के दौरान कहा था कि पहले मुख्यमंत्री का चेहरा तय करें और फिर आगे बढ़ें, लेकिन सबसे अधिक सीट पाने वालों को मुख्यमंत्री का पद मिलेगा इस नीति पर न चलें। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं अपने लिए लड़ रहा हूं, बल्कि यह महाराष्ट्र के अधिकारों के लिए है।

## सांताक्रूज एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रैक, सिगनलिंग तथा ओवर हेड उपस्करों के रख-रखाव के लिए रविवार को सांताक्रुज एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच 10 से 15 बजे तक अप तथा डाउन फ़ास्ट लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस ब्लॉक अवधि के दौरान सभी फास्ट लाइन की उपनगरीय ट्रेनों को सांताक्रूज एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच धीमी लाइन पर चलाया जाएगा। ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त् रहेंगी और कुछ अंधेरी एवं बोरीवली ट्रेनों को हार्बर लाइन पर गोरेगांव तक चलाया जाएगा।

# गठबंधनों पर नए मोर्चे का प्रेशर गेम

- राज ठाकरे से मिले कपिल पाटिल
- जरांगे के पास पहुंचा केजरीवाल का 'दूत'

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान के साथ भले ही यह तय माना जा रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव दिवाली बाद ही होंगे। लेकिन इससे महाराष्ट्र में राजनीतिक घमासान शांत होने के बजाय और तेज होता प्रतीत हो रहा है। राज्य के दो प्रमुख सियासी गठबंधनों में शामिल छोटी पार्टियों ने मोर्चा का प्रेशर गेम खेलना शुरू कर दिया है। इसकी झलक शनिवार को कपिल पाटिल की राज ठाकरे और केजरीवाल के 'दूत' की मनोज जरांगे पाटिल से मुलाकात के रूप में देखने को मिली। महाराष्ट्र की बीजेपी नीत 'महायुति' और कांग्रेस नीत 'महाविकास अघाड़ी' (एमवीए) में वैसे तो दर्जनभर से ज्यादा छोटी-बड़ी सियासी पार्टियां और दूसरे संगठन शामिल हैं। लेकिन महायुति में पूछ सिर्फ बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और राकां (अजीत पवार) की होती है तो वहीं 'एमवीए' में सिर्फ कांग्रेस, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उद्धव गुट) एवं राकां शरदचंद्र पवार की ही होती है। ऐसा लोकसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला था। यही हाल अब विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे के मामले में भी यही देखने को मिल रहा है।



### 288 विस चुनाव क्षेत्र हैं महाराष्ट्र में

महाराष्ट्र में सिर्फ 288 विधानसभा चुनाव क्षेत्र हैं, जबकि विधानसभा में महायुति में बीजेपी 150, शिवसेना (शिंदे गुट) 90 और राकां (अजीत पवार) 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी लड़ाने का दम भर रहा है। अर्थात गठबंधन में शामिल छोटे दलों की कोई पूछ ही नहीं है। यही हाल एमवीए का भी है। नतीजतन लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी को बिना शर्त समर्थन का ऐलान करनेवाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। ऐसा माना जा रहा है कि राज ने गिड़गिड़ाने के बजाय महायुति के प्रमुख नेताओं पर दबाव बनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। तो वहीं शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत के बाद महाविकास आघाड़ी छोड़कर शिंदे को समर्थन देनेवाले प्रहार जनशक्ति पार्टी के प्रमुख बच्चू भी मनोज जरांगे पाटिल और राकां (अजीत पवार), प्रकाश आंबेडकर की 'वंचित बहुजन आघाडी' के साथ मिलकर अलग मोर्चा बनाने के संकेत दे चुके हैं।

### गेम में शामिल हुए केजरीवाल व पाटिल

अब गठबंधनों पर तीसरे मोर्चे के प्रेशर गेम में विधान परिषद सदस्य कपिल पाटिल की समाजवादी गणराज्य पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 'आम आदमी पार्टी (आप) भी शामिल हो गई है। अब तक एमवीए में शामिल रहे कपिल पाटिल ने शनिवार को राज ठाकरे से मुलाकात करके सभी को सकते में डाल दिया। इसी तरह अरविंद केजरीवाल का संदेश लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत पाटके पाटिल और उनके पदाधिकारी शनिवार को अंतरवाली सराटी पहुंचे। वहां उन्होंने मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल और उनकी टीम से मिले तथा उनके बीच विधानसभा को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई है।

## सीएम शिंदे को एक करोड़ राखियां भेजेंगे महिला समूह



**मुंबई।** महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक करोड़ राखियां भेजेंगे। एकनाथ शिंदे के कार्यालय ने शनिवार को बताया, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने को एसएचजी ने यह फैसला लिया है। राखियां रक्षा बंधन के दिन 19 अगस्त को मुख्यमंत्री को पहुंचाई जाएंगी। शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले इस साल के बजट में 'माझी लड़की बहिन योजना की घोषणा की थी और इस योजना के तहत लाखों महिलाओं के बैंक खातों में पैसा जमा किया गया है।

# यात्री ने टीसी के साथ की मारपीट

दोपहर संवाददाता । मुंबई




मुंबई की 'लाइफलाइन' लोकल ट्रेन से हर दिन लाखों लोग यात्रा करते हैं, उनमें से कुछ लोग टिकट खरीदते हैं और कुछ भीड़ का फायदा उठाकर बिना टिकट के यात्रा करता है। पकड़े जाने पर टिकट निरीक्षक (टीसी) से बहसबाजी और लड़ाई भी करते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां एसी लोकल में एक यात्री ने टीसी के साथ दुर्व्यवहार किया और पिटाई की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना चर्चगेट से विरार जा रही तेज एसी लोकल में हुई है।

### अधिकारियों से लिखित माफी मांगी

मिली जानकारी के अनुसार, मुख्य टिकट निरीक्षक जसबीर सिंह टिकट की जांच कर रहे थे। उस समय उन्हें एसी लोकल में प्रथम श्रेणी के टिकट पर यात्रा कर रहे 3 यात्री मिले। इसके बाद सिंह ने यात्रियों से रेलवे नियमों के मुताबिक जुर्माना भरने को कहा। लेकिन उस दौरान जसबीर सिंह और यात्री अनिकेत भोसले के बीच बहस हो गई। हालांकि ये विवाद खत्म होने की बजाय और भड़क गया। जब लोकल बोरीवली स्टेशन पहुंची तो जसबीर सिंह ने भोसले से लोकल से उतरने का अनुरोध किया। लेकिन भोसले ने इनकार कर दिया और सिंह के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने लगा।

# उद्धव ठाकरे को उलेमा बोर्ड ने किया सम्मानित

- महाराष्ट्र मुस्लिम समुदाय और अखिल भारतीय उलेमा बोर्ड की बैठक
- इस बैठक में महाविकास अघाड़ी के नेता मौजूद थे

**मुंबई।** वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का विरोध करने पर शिवसेना उबाठा गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे को मुस्लिम समुदाय ने सम्मानित किया। मुस्लिम समुदाय के उच्च शिक्षित, बुद्धिजीवियों ने धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों से वक्फ बोर्ड सुधार बिल पर अपनी स्थिति की घोषणा करने का आग्रह किया है। मुस्लिम समुदाय ने हाल ही में बिल पर चर्चा के लिए इस्लाम जिमखाना में एक बैठक की। इस अवसर पर महाविकास अघाड़ी के नेता मौजूद थे। महाविकास अघाड़ी की हाल ही में मुंबई में हुई बैठक में उद्धव ठाकरे ने केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की थी। उद्धव ठाकरे ने मोदी सरकार की मंशा की आलोचना करते हुए सवाल किया था कि जब भाजपा के पास बहुमत था, तब वक्फ बोर्ड संशोधन बिल क्यों नहीं लाया गया और अब क्यों लाया गया। ठाकरे ने इस सभा में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का विरोध करने की घोषणा की थी। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पुनर्विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र व झारखंड जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इन चुनावों के मद्देनजर मुस्लिम समुदाय ने राजनीतिक दलों से वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की अपील की है।

### सरकार ने वक्फ बोर्ड में संशोधन के लिए लोकसभा में विधेयक पेश किया था



पिछले सप्ताह केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड में संशोधन के लिए लोकसभा में विधेयक पेश किया था। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो संयुक्त वक्फ विधेयक प्रबंधन, सशक्तीकरण, कार्यक्षमता और विकास अधिनियम के रूप में अस्तित्व में आ जाएगा। (संयुक्त वक्फ अधिनियम प्रबंधन, सशक्तीकरण, कार्यक्षमता और विकास अधिनियम या उम्मीद)
तहरीक–ए–अवाक़ाफ और ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने इस्लाम जिमखाना में एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता तारिक ए अवाकाफ प्रमुख शब्बीर अंसारी ने की और इस्लाम के अध्यक्ष यूसुफ अब्राहनी मुख्य अतिथि थे। इस समय हुई चर्चा में मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने चिंता व्यक्त की कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के कारण वक्फ बोर्ड की शक्तियां बहुत कम हो जाएंगी। इसी बैठक में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी, कांग्रेस विधायक अमीन पटेल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रमुख मौलाना महमूद दर्याबादी, वारिस पठान, सरफराज आरजू, निजामुद्दीन राईन, फरहाना शाह, मौलाना नौशाद अहमद सिद्दीकी, अल्लामा बुनाई हसानी, महमूद हाकिमी, मौलाना मिर्जा अब्दुल क्वाम नदवी, सुहैल सूबेदार, मौलाना मोहम्मद लुकमान नदवी, फाजिल अंसारी आदि नेता मौजूद थे। इस संगोष्ठी का संचालन सलीम अलवारे ने किया।
बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर सरकार की मंशा समाज की नजर में अनुचित है और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। वक्फ विधेयक राजनीति से प्रेरित विधेयक है। क्या वक्फ बोर्ड में सदस्यों की नियुक्ति जरूरी है, जबकि सदस्य लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाते हैं? ऐसे धार्मिक संगठन में किसी अन्य धर्म के व्यक्ति को भाग नहीं लेना चाहिए।

## संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में पहली परीक्षा

आखिरकार लंबे इंतजार के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिये चुनावों की घोषणा कर दी गई है। वहीं हरियाणा में एक माह पूर्व चुनाव कराने की घोषणा हुई है। जे एंड के राज्य में तीन चरणों में मतदान 18 व 25 सितंबर व एक अक्तूबर को होगा। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने तीस सितंबर तक राज्य में विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिये थे। उल्लेखनीय है कि जे एंड के में अनुच्छेद 370 निरस्त करने के बाद इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन चला आ रहा था। बहरहाल, परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी परिदृश्य बदल गया है। एक ओर जम्मू क्षेत्र में परिसीमन के बाद विधानसभा सीटों की संख्या 37 से बढ़कर 43 हो गई हैं, वहीं कश्मीर विधानसभा क्षेत्रों की संख्या 46 से बढ़कर 47 हो गई हैं। निश्चित तौर पर परिसीमन से बदलाव का असर राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ेगा। लेकिन हाल के दिनों में राज्य में जैसे सिलसिलेवार तरीके से आतंकी हमले हुए हैं, वहां शांतिपूर्ण चुनाव प्रचार व मतदान कराना एक बड़ी चुनौती होगी। हाल के दिनों में आतंकवादियों ने अपनी रणनीति व सक्रियता के क्षेत्रों में बदलाव किया है। वे अब हिंदू-बहुल क्षेत्रों को निशाना बना रहे हैं जहां लंबी शांति व अन्य कारणों से सुरक्षा बलों की संख्या कम की गई थी। वहीं मुस्लिम बहुल कश्मीर में आतंकी गतिविधियां कम नजर आई हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सामने शांतिपूर्ण चुनाव प्रचार व मतदान सुनिश्चित करने की बड़ी चुनौती होगी। निश्चित रूप से भारत विरोधी ताकतें इन चुनावों में बाधा डालने का प्रयास करेंगी। मतदाता निर्भय होकर मतदान करने निकलें इसके लिये अनुकूल माहौल बनाना जरूरी होगा। एक ओर जहां जम्मू में भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आता है, वहीं दूसरी ओर कश्मीर में मैदान खुला होगा। जहां फारूख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस तथा महबूबा मुफ्ती की पीडीपी के साथ ही सज्जाद लोन की जेएंडके पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, अल्ताफ बुखारी की जेएंडके अपनी पार्टी व पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी मैदान में होगी। आशंका है कि कट्टरपंथी रुझान वाले आजाद उम्मीदवार भी मुकाबले में आ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से सटे हरियाणा में भी विधानसभा के लिये चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। यहां एक ही चरण में एक अक्तूबर को चुनाव होंगे और चार अक्तूबर को जम्मू-कश्मीर के साथ ही चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। जाहिरा तौर पर एक दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज भाजपा को सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करना पड़ सकता है। जिसकी बानगी पिछले महीनों में हुए लोकसभा चुनावों में नजर आई थी। हालिया लोकसभा चुनाव में पांच सीटें जीतने से उत्साहित कांग्रेस पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। यदि पिछली बार के विधानसभा चुनावों की तरह ही इस बार भी किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो इंडियन नेशनल लोकदल और जननायक जनता पार्टी जैसे दलों की भूमिका किंगमेकर की हो सकती है। दरअसल, हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल तीन नवंबर को खत्म हो रहा है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मनोहर लाल को मुख्यमंत्री पद से हटाकर नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन इसके बावजूद वर्ष 2019 में दस में से दस लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। इससे पहले बीजेपी व जेजेपी गठबंधन में खटास पड़ गई थी। दुष्यंत चौटाला के अलग होने पर भाजपा ने निर्दलीयों की मदद से सरकार चलाई। बहरहाल, राज्य में भाजपा व कांग्रेस में कड़े मुकाबले का कयास राजनीतिक पंडित लगा रहे हैं। दरअसल, हाल ही में चुनाव आयुक्तों द्वारा चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिये हरियाणा का दौरा करने के बाद संकेत मिलने लगे थे कि जल्दी चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की जा सकती है। हरियाणा के बाईस जिलों में नब्बे सीटों में 73 सामान्य व 17 आरक्षित हैं। राज्य के दो करोड़ के करीब मतदाता नब्बे सीटों पर प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला करेंगे। विश्वास किया जाना चाहिए कि इस चुनाव के जरिये जागरूक मतदाता लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करने में रचनात्मक भूमिका निभाएंगे।

## शख्सियत — सुभाष चंद्र बोस

# भारतीय क्रांतिकारी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक



सुभाष चंद्र बोस को नेता जी के नाम से भी जाना जाता है। वह एक भारतीय क्रांतिकारी थे जो भारत के ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना की स्थापना की, जिसे आमतौर पर आजाद हिंद फौज के नाम से जाना जाता है। स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काम करते हुए उन्होंने कई बार जेल में भी बिताया। 1927 में जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने स्वराज प्रकाशन की स्थापना की।

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक, उड़ीसा में प्रभावती बोस और जानकीनाथ बोस के घर हुआ था। सुभाष चंद्र बोस के पिता जानकीनाथ एक सफल बैरिस्टर थे, जो सरकार का प्रतिनिधित्व करते थे। वह ब्रिटिश भारतीय प्रशासन के प्रति समर्पित थे और कानून के अक्षरशः पालन में सावधानी बरतते थे।

उन्होंने स्कॉटिश चर्च कॉलेज में दाखिला लिया, जो कलकत्ता विश्वविद्यालय का हिस्सा है, और 1918 में वहां दर्शनशास्त्र में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए अपने भाई सतीश के साथ लंदन की यात्रा की और उनकी विशालता के कारण ज्ञान, उन्होंने पहली कोशिश में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतिहास के एक प्रभावशाली वक्ता थे और उनमें उल्लेखनीय नेतृत्व कौशल था। 'दिल्ली चलो', 'तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' उनके कुछ तकिया कलाम हैं। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और भारत की आजादी के संघर्ष में सक्रिय रूप से भाग लिया। वह अपने समाजवादी सिद्धांतों और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपनाई गई कठिन रणनीतियों दोनों के लिए जाने जाते हैं।

18 अगस्त, 1945 को, ताइवान से टोक्यो के लिए उड़ान भरते समय एक विमान दुर्घटना में सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु हो गई, जब आईएनए बलों को पकड़ लिया गया या आत्मसमर्पण कर दिया गया। कथित तौर पर 18 अगस्त, 1945 को ताइपेई, ताइवान में एक विमान टक्कर में सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु हो गई।

# दक्षिण एशिया अग्रणी अवसर का लाभ उठाये

वर्ष 1971 में, हमारा नज़रिया था कि जब पड़ोस में नागरिक नरसंहार का हमला झेल रहे हों, तब एक स्थाई राजनीतिक समाधान बनाने को हमारी जिम्मेवारी बन जाती है कि घिरे लोगों को साथ जोड़कर, उन्हें मुक्त करवाएं। यह दखलअंदाजी मानवीय आधार पर थी। उस वक्त पाकिस्तानी सेना का आत्मसमर्पण संयुक्त कमान के सामने था। मुक्ति दिलवाने के अलावा इस घटना ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर में समसामयिक संशोधन भी करवाया, जब संयुक्त राष्ट्र ने 'बचाने की जिम्मेवारी' सिद्धांत की नई व्याख्या जोड़ी। माइकेल वाल्ज़र के मौलिक लेखन कार्य 'उचित और अनुचित युद्ध' के मुताबिक देखें तो यह एक 'उचित युद्ध' था। प्राप्त अनेकानेक रणनीतिक सबकों के बीच, जैसा कि द ट्रिब्यून अख़बार में 12 अगस्त को छपे लेख में असोक मुखर्जी ने विस्तार से और अच्छी तरह समझाया है, हमने जेनेवा संधि के अनुसार युद्धबंदियों से बरतने के नियमों पर अक्षरशः अमल करते हुए एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया था। वैसे भी, टकराव वाली परिस्थिति में, सैन्य शासन से कहीं बेहतर विकल्प लोकतांत्रिक प्रशासन होता है, विशेषकर जब बर्बरता का सामना मानवीयता से करना हो– और यही हमारा मूल सिद्धांत है। इसके अलावा, दुनिया ने यह भी होते देखा कि धार्मिक अपवादिता के होते हुए भी, समानता और मानवीय गरिमा के लिए लड़ाई सर्वोपरि है, बाकी सब इससे नीचे। आधी सदी बाद, 2024 में, अब वक्त है इसको और विस्तार देने का क्योंकि संसार बदल चुका है। हमारे प्रधानमंत्री के कहे शब्द- 'यह युग युद्धों का नहीं है'– की प्रतिध्वनि के अनुसार, वक्त है राह फिर से तय करने



का। जिस पटल पर काम होना है वह बहुत विस्तृत हो चुका है। हमारे पास-पड़ोस के बड़े हिस्से की भांति बांग्लादेश का आंदोलन दक्षिण एशिया और विश्व के ज्यादातर हिस्सों के लिए नया मोड़ है।

दुनियाभर में घटित घटनाएं याद दिलाती हैं कि 'सुरक्षा को खतरे' की वेदी पर शांति, समृद्धि और विकास की बलि नहीं चढ़ाई जा सकती, चाहे 'खतरा' वास्तविक हो या आभासीय। कोविड-19, पर्यावरणीय बदलाव और युद्ध पहले ही काफी नुकसान कर चुके हैं, इनमें आखिरी दो में प्रतिदिन बढ़ोतरी होती देखी जा रही है। सबसे बदतर स्थिति अभी आनी बाकी है। प्रत्येक मामले में सबसे बड़ा घाटा नागरिकों का है। धुर केंद्र में नागरिक को रखकर उसके इर्द-गिर्द सुरक्षा आवरण बनाने की जरूरत है वरना तंत्र ढह जाएगा। भौतिक लाभ एवं क्षेत्र नागरिक को प्रमुख रखने की जगह नहीं ले सकते। बेशक, इलाका आत्म-सम्मान से जुड़ा है और इससे समझौता स्वीकार्य नहीं होता, लेकिन कोई समय कभी ऐसा भी होता है, जब नागरिक की प्रमुखता सबसे अधिक स्थान ले लेती है। वह वक्त अब है। प्रत्येक लोकतंत्र इस घड़ी

**ले. जन. एसएस मेहता**

का इस्तेमाल आत्मविश्लेषण करने के लिए करे, स्व-सुधार लागू करे और फिर 'दुनिया एक है' सिद्धांत को समझाने एवं उदाहरण प्रस्तुत करने वाली राह बनाने में सहायक हो। कुंजी है 'अनेकता में एकता' और नागरिक कल्याण, किसी भी अन्य चीज़ से ऊपर, जो एक निर्वाचित सरकार का पहला दायित्व है।

अब हमें एक मंच बनाने की जरूरत है 'दक्षिण एशिया शांति, समृद्धि, लोकतांत्रिक क्षेत्र', जिसमें प्रत्येक सदस्य को हक हो कि यदि चाहे तो किसी अन्य संगठन की सदस्यता भी ले ले, लेकिन इस प्रावधान के साथ कि यह करना इलाके के लोकतांत्रिक हितों के विरुद्ध न हो। कोई ऐसा मंच बनाया जाए, जिससे कि दक्षिण एशिया में संवाद और सहयोग जड़ पकड़े, इस पर हमारी दुविधा रही है। वर्ष 1999 से भारत की 'सीका' (कांफ्रेंस ऑन इंटरएक्शन एंड कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मेज़र्स इन एशिया) में भागीदारी इसी सोच पर आधारित थी। हमारी तरजीह द्विपक्षीय राजनयिक रिश्ते बनाने पर रही है, हालांकि कई बार इसका परिणाम नकारात्मक रहा, अगस्त 2021 में काबुल में जो अनुभव मिला, वही आगे चलकर श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और अब बांग्लादेश में भी पाया, इन सबने यही दर्शाया है। शायद एक दक्षिण एशियाई मंच उन पड़ोसियों में 'चालबाज' को बुलाने में सहायक हो, जो 'कहीं और उपस्थिति जरूरी है' वाली धमकी का इस्तेमाल औरों से खेल करने में करता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और जल्दी ही संसार की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते, दुनिया के सामने आदर्श प्रस्तुत करने में हमारी जिम्मेवारी है कि दक्षिण एशिया का झंडा बुलंद करने में सहायक बनें। 'दक्षिण एशिया शांति-समृद्धि-लोकतंत्र क्षेत्र' मंच के संविधान में कम-से-कम निम्नलिखित अवयव शामिल हों :-

सबकी भागीदारी : उन नीतियों की वकालत जो असमानता घटाएं, सुनिश्चित करें कि आर्थिक विकास का लाभ इलाके के तमाम सामाजिक तबकों को मिले।

शिक्षा और नवोन्मेष : शिक्षा एवं तकनीकी नवोन्मेष की सहायता करके भारत दक्षिण एशिया को ज्ञान एवं रचनात्मकता के केंद्र में परिवर्तित करने में मददगार हो सकता है।

सांस्कृतिक कूटनीति : पड़ोसियों से संबंध मजबूत करने में भारत अपनी धरा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों का फायदा उठा सकता है, इससे साझी क्षेत्रीय पहचान और एकता की भावना बनेगी।

साझी तरक्की : यह इलाका विश्व के सामने शांति, समृद्धि एवं सतत विकास के मामले में अनुकरणीय उदाहरण बने, इसके लिए सभी देश अपना योगदान करें।

संप्रभुता का सम्मान : एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना,विवादों को सुलझाने में झगड़े की बजाय संवाद को प्रोत्साहन।

लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता : क्षेत्र में समान भागीदारी पर आधारित लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहन, पड़ोसी देशों से मानवाधिकार बनाए रखने की अपेक्षा,मुक्त और ईमानदार चुनाव प्रक्रिया, पारदर्शी शासन सुनिश्चित करना और राजनीतिक प्रभाव मुक्त सेना।

सहयोग : ऐसी क्षेत्रीय परियोजनाओं में सहयोग, जिनका उद्देश्य साझी समृद्धि हो, मसलन, बुनियादी ढांचा विकास एवं स्वास्थ्य सेवाएं।

खेल : चूंकि भारत की नज़र 2036 ओलम्पिक की मेजबानी लेने पर है, हमारा साझा दृष्टिकोण हो कि दक्षिण एशिया के तमाम देशों के खिलाड़ी विजेता मंच पर खड़े दिखें, खेलों से अधिक एकता और कोई नहीं बनाता।

आपदा राहत : आपदाएं, चाहे प्राकृतिक हों या मानव-निर्मित, लगातार बढ़ती जा रही हैं, इनके लिए ऐसी राहत प्रणाली बने जो इलाके का 911 बने (अमेरिका में किसी भी किस्म की मदद पाने का टेलीफोन नंबर)।

हमारा इतिहास गौरवशाली है। ज़ीरो के सिद्धांत के योगदान के साथ हमारी हवा पूर्व और पश्चिम, दोनों दिशाओं में चली थी। कल्पना करें कि इसके बिना संसार अब कहां होता। अब वक्त है अगली लहर उठाने का – ज्ञान-नीत।

चहुं दिशाओं में छाने वाली पूर्वी हवा बनाने में दक्षिण एशिया का योगदान यह होना चाहिए कि विकास की दौड़ में जो बहुत पीछे छूट गए हैं, उन्हें हाथ पकड़कर बराबरी पर लाया जाए– भारत में, पास-पड़ोस में, संसार के दक्षिणी संभाग को भूले बिना।

## सहज योग

# गुरु वो जो आपसे कुछ नहीं लेता



गुरु को आप क्या देंगे? आप मुझे कुछ नहीं दे सकते, आप मुझे Vibration भी नहीं दे सकते, आप को आश्चर्य होगा कि आप मुझे Vibrations भी नहीं दे सकते !

आपने साथ अच्छाई है, अपने साथ बुराई है, किसी भी एक चीज को पकड़े बैठे हुए हो, तो उसे छोड़ दीजिए थोड़ी देर के लिए हमें आपसे कुछ लेना देना नहीं और आपकी स्वतंत्रता हमें छीननी नहीं किसी भी तरह किसी भी कीमत पर मैं आपकी स्वतंत्रता छीनती नहीं। जैसे लोग पागल जैसे किसी के पीछे दौड़ते हैं, हजारों रुपया उन्हें दे देते हैं, चीजें दे देते हैं! अरे चीजें लेते किसलिए हो? गुरु वो जो आपसे कुछ नहीं लेता। गुरु को आप क्या देंगे? आप मुझे कुछ नहीं दे सकते, आप मुझे Vibration भी नहीं दे सकते, आप को आश्चर्य होगा कि आप मुझे Vibrations भी नहीं दे सकते ! एक दिन मेरे पैर में चोट लगी तो एक Doctor थी, वो कहने लगी, माताजी मैं आपको Vibration दूँ?" मैने कहा देखें दो तो सही। जब वो Vibration देने लगी तो चोट की जगह से इतनी तेज उनको Vibration आई कि वो खुद ही ध्यान में चली गई। कहने लगी इस जगह से Vibrations आ रहे है। और मेरी जो चोट थी वो एकदम से हल्की होने लगी। गुरु वो जो आपसे कुछ भी न ले सके, जो शिखर पर बैठा हुआ है वो नीचे की ओर बहेगा, उसकी और कोई नहीं, कुछ नहीं बहेगा सब समझ की बात है। 1 गर में किसी से कहती हूँ बेटे मुझे मत दो क्योंकि ये सब ढकोसला है, आप मुझे कुछ भी नहीं दे सकते। उल्टे आप कुछ मांगते हैं, मुझसे तो सारा का सारा व्यक्तित्व जो है वो खौल उठता है, अन्दर से सारी की सारी प्रभावशाली शक्तियां दौड़ने लग जाती है कि किस तरह से प्रेम से में इस बच्चे को सम्हालू। जरा सा कोई कुछ मांग ही ले! परम, परम मांगिएगा। आज की गुरु पूर्णिमा के दिन मेरा आपको बहुत आशीर्वाद है और जितने Realized लोग हैं उनको विशेष रूप से, और उनसे मेरी विनती है कि जैसे अपने पाया है दूसरों को देने का पूरा प्रयत्न करें। उनको भी समझाने का प्रयत्न करें। हो सकता है वो लोग आपसे नाराज हो जाएं, गुस्से हो जाए, मारेंगे, पीटेंगे ये कुछ भी नहीं है, इससे कहीं अधिक हमने सहा है, इसलिए कुछ भी नहीं। याद विवाद करेंगे, आपको नहीं मानेगे, कोई हर्ज नहीं छोड़ दीजिए उन्हें, जो आपको मानते हैं उन्हीं पर यह अनुग्रह करें। यहां तो केवल देना है. आपको देना है, आप दे सकते हैं, सब मेरे बच्चे। मेरा प्यार संसार में सब जगह पहुंचे और घर घर दीप जलें।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

रॉबर्ट रेडफ़ोर्ड : जन्म- 18 अगस्त 1936 — जन्म

रॉबर्ट रेडफ़ोर्ड एक प्रशंसित अमेरिकी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं जिनका जन्म 18 अगस्त, 1936 को हुआ था। बुच कैसिडी एंड द सनडांस किड और ऑल द प्रेसिडेंट्स मेन जैसी फ़िल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले, उन्होंने स्वतंत्र फ़िल्म निर्माताओं का समर्थन करने के लिए सनडांस इंस्टीट्यूट की भी स्थापना की। रेडफ़ोर्ड का करियर छह दशकों से ज्यादा लंबा है।

# सफलता की राह हमेशा निर्माणाधीन होती है

भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे अच्छा तरीका है उसे बनाना। आपको खुद के प्रति सच्चा होना चाहिए, नहीं तो आप झूठ बोल रहे हैं। सफलता खुशी की कुंजी नहीं है। खुशी सफलता की कुंजी है। अगर आप जो कर रहे हैं, उससे प्यार करते हैं, तो आप सफल होंगे। किसी को यह मत कहने दीजिए कि आप कुछ नहीं कर सकते। आपको खुद पर विश्वास करना होगा। परिवर्तन को सार्थक बनाने का एकमात्र तरीका है उसमें डूब जाना, उसके साथ चलना और नृत्य में शामिल होना। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि खुद के प्रति सच्चे रहें और जो आप हैं, उससे खुश रहें। आप अपनी सफलताओं से ज़्यादा अपनी असफलताओं से सीखते हैं। सफल होने के लिए, आपको खुद को वहाँ रखने और जोखिम लेने के लिए तैयार रहना होगा। जीवन परिवर्तन के बारे में है। कभी-कभी यह दर्दनाक होता है, कभी-कभी यह सुंदर होता है, लेकिन ज़्यादातर समय यह दोनों ही होता है। जितना अधिक



आप खुद को जानते हैं, उतनी ही अधिक स्पष्टता होती है। जीवन पकड़ कर रखने और जाने देने का संतुलन है। कभी-कभी यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा यह मानना होता है कि आप यात्रा के योग्य हैं। आपको आगे बढ़ते रहना चाहिए और बेहतर बनने के लिए खुद को प्रेरित करते रहना चाहिए। परिवर्तन ऐसी चीज़ नहीं है जिससे आपको डरना चाहिए। परिवर्तन विकास है। अगर आपको किसी चीज़ के लिए जुनून है, तो अपनी पूरी ताकत से उसका पीछा करें। जोखिम लेने और नई चीज़ें आज़माने से न डरें। इसी तरह आप बढ़ते हैं। सफलता की राह हमेशा निर्माणाधीन होती है। आप असफल होने से नहीं डर सकते। यही एकमात्र तरीका है जिससे आप सीखते हैं। सच्ची सफलता आपके जीवन के सभी क्षेत्रों में संतुलन हासिल करना है। चुनौतियों को स्वीकार करें। वे आपको अधिक मज़बूत और लचीला बनाती हैं। आपको अपना भाग्य खुद बनाना होगा। हर दिन नए सिरे से शुरुआत करने और कुछ नया बनाने का मौका है। सफलता की सबसे बड़ी बाधा बिल्कुल भी कोशिश न करना है। खुद पर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। आपके सामने आने वाली हर चुनौती बढ़ने और बेहतर बनने का अवसर है।

## प्रेरक प्रसंग

# अपने दुःखों का कारण आप ही हैं

भगवान बुद्ध एक नगर में घूम रहे थे। उस नगर के आम नागरिकों के मन में बुद्ध के विरोधियों ने यह बात बैठा दी थी कि वह एक ढोंगी है और हमारे धर्म को भ्रष्ट कर रहे हैं। इस वजह से वहां के लोग उन्हें अपना दुश्मन मानते थे।



जब नगर के लोगों ने बुद्ध को देखा तो उन्हें भला बुरा कहने लगे और बदुआएं देने लगे। गौतम बुद्ध नगर के लोगों की उलाहने शांति से बिना बोलने सुनते रहे लेकिन जब नगर के लोग उन्हें बोलते-बोलते थक गए तो महात्मा बुद्ध बोले। क्षमा चाहता हूं! लेकिन अगर आप लोगों की बातें खत्म हो गयी है तो मैं यहां जाऊं। भगवान बुद्ध कि यह बात सुन वहां के लोग बड़े आश्चर्यचकित हुए। वही खड़ा एक आदमी बोला ओ! भाई हम तुम्हारा गुणगान नहीं कर रहे है। हम तो तुम्हें गालियां दे रहे हैं। क्या इसका तुम पर कोई असर नहीं होता?

बुद्ध बोले आप सब मुझे चाहे जितनी गालियां दो मैं उन्हें लूंगा ही नहीं। आपके गालियां देने से मुझपर कोई असर नहीं पड़ता जब तक कि मैं उन्हें स्वीकार नहीं करता।

बुद्ध के जीवन का यह छोटा सा प्रसंग हमारे जीवन में एक नया बदलाव ला सकता है क्योंकि बहुत से लोग अपने दुःखों का कारण दूसरों को मानते है। जो कि अच्छी बात नहीं है। ऐसा कर हम स्वयं के लिए गड्ढा खोद रहे होते है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# रावण के जन्म की कथा

(भाग 3)

अगस्त्य मुनि ने कहना जारी रखा, पिता की आज्ञा पाकर कैकसी विश्रवा के पास गई। उस समय भयंकर आँधी चल रही थी। आकाश में मेघ गरज रहे थे। कैकसी का अभिप्राय जानकर विश्रवा ने कहा कि भद्रे तुम इस कुबेला में आई हो। मैं तुम्हारी इच्छा तो पूरी कर दूँगा परन्तु इससे तुम्हारी सन्तान दुष्ट स्वभाव वाली और क्रूरकर्मा होगी। मुनि की बात सुनकर कैकसी उनके चरणों में गिर पड़ी और बोली कि भगवन् आप ब्रह्मवादी महात्मा हैं। आपसे मैं ऐसी दुराचारी सन्तान पाने की आशा नहीं करती। अतः आप मुझ पर कृपा करें। कैकसी के वचन सुनकर मुनि विश्रवा ने कहा कि अच्छा तो तुम्हारा सबसे छोटा पुत्र सदाचारी और धर्मात्मा होगा।

इस प्रकार कैकसी के दस मुख वाले पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम दशग्रीव रखा गया। उसके पश्चात् कुम्भकर्ण, शूर्पणखा और विभीषण के जन्म हुये। दशग्रीव और कुम्भकर्ण अत्यन्त दुष्ट थे, किन्तु विभीषण



धर्मात्मा प्रकृति का था। अपने भाई वैश्रवण से भी अधिक पराक्रमी और शक्तिशाली बनने के लिये दशग्रीव ने अपने भाइयों सहित ब्रह्माजी की तपस्या की। ब्रह्मा के प्रसन्न होने पर दशग्रीव ने माँगा कि मैं गरुड़, नाग, यक्ष, दैत्य, दानव, राक्षस तथा देवताओं के लिये अवध्य हो जाऊँ। ब्रह्मा जी ने तथास्तु कहकर उसकी इच्छा पूरी कर दी। विभीषण ने धर्म में अविचल मति का और कुम्भकर्ण ने वर्षों तक सोते रहने का वरदान पाया। फिर दशग्रीव ने लंका के राजा कुबेर को विवश किया कि वह लंका छोड़कर अपना राज्य उसे सौंप दे। अपने पिता विश्रवा के समझाने पर कुबेर ने लंका का परित्याग कर दिया और रावण अपनी सेना, भाइयों तथा सेवकों के साथ लंका में रहने लगा। लंका में जम जाने के बाद अपने बहन शूर्पणखा का विवाह कालका के पुत्र दानवराज विद्युविह्वा के साथ कर दिया। उसने स्वयं दिति के पुत्र मय की कन्या मन्दोदरी से विवाह किया जो हेमा नामक अप्सरा के गर्भ से उत्पन्न हुई थी। विरोचनकुमार बलि की पुत्री वज्रज्वला से कुम्भकर्ण का और गन्धर्वराज महात्मा शैलूष की कन्या सरमा से विभीषण का विवाह हुआ। कुछ समय पश्चात् मन्दोदरी ने मेघनाद को जन्म दिया जो इन्द्र को परास्त कर संसार में इन्द्रजित के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

सत्ता के मद में रावण उच्छृंखल हो देवताओं, ऋषियों, यक्षों और गन्धर्वों को नाना प्रकार से कष्ट देने लगा। एक बार उसने कुबेर पर चढ़ाई करके उसे युद्ध में पराजित कर दिया और अपनी विजय की स्मृति के रूप में कुबेर के पुष्पक विमान पर अधिकार कर लिया।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# महाबलीपुरम - समुद्र की लहर, पत्थरों का कहर


महाबलीपुरम, जिसे मामल्लापुरम भी कहा जाता है, तमिलनाडु का एक ऐतिहासिक नगर है, जो अपनी अद्वितीय शिल्पकारी और प्राचीन मंदिरों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त इस स्थल पर समुद्र तट के किनारे बसी अद्वितीय वास्तुकला और रहस्यमय गुफाएँ पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। यहाँ की हर एक जगह आपको इतिहास की एक नई कहानी सुनाती है।





### शोर मंदिर

शोर मंदिर महाबलीपुरम का सबसे प्रमुख आकर्षण है। यह मंदिर सातवीं सदी में पल्लव वंश के राजा नरसिंहवर्मन द्वितीय द्वारा बनवाया गया था। मंदिर का निर्माण समुद्र के किनारे किया गया है, और इस मंदिर की वास्तुकला द्रविड़ शैली में है। इस मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है।




### पंच रथ

पंच रथ पाँच मोनोलिथिक रथों का एक समूह है, जो महाभारत के पाँच पांडवों और द्रौपदी को समर्पित है। प्रत्येक रथ की शिल्पकारी अद्वितीय है और इन्हें एक ही पत्थर से तराशा गया है। इन रथों की वास्तुकला और शिल्प कौशल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है।




### कृष्ण का बटर बॉल

यह विशालकाय गोलाकार पत्थर एक ढलान पर संतुलित होकर रखा हुआ है, जो प्रकृति के आश्चर्यों में से एक है। इसे 'कृष्ण का मक्खन बॉल' कहा जाता है, और यह महाबलीपुरम का एक अद्भुत आकर्षण है।



### मामल्लापुरम लाइटहाउस

यह लाइटहाउस महाबलीपुरम का एक और प्रमुख आकर्षण है। यहाँ से समुद्र और शहर का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है। यह लाइटहाउस पल्लव वंश के समय का है और इसे बाद में अंग्रेजों ने पुनर्निर्मित किया था।



### महिषासुर मर्दिनी गुफा मंदिर

यह मंदिर एक प्राचीन गुफा है जिसमें देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय की कथा का चित्रण किया गया है। इस गुफा की नक्काशी और वास्तुकला अद्वितीय है और यह प्राचीन भारतीय शिल्पकारी का अद्भुत उदाहरण है।



### टाइगर केव

टाइगर केव महाबलीपुरम के बाहरी इलाके में स्थित एक गुफा मंदिर है। यहाँ की शिल्पकारी और नक्काशी अत्यंत अद्भुत है। इस गुफा का नाम इसके प्रवेश द्वार पर बने बाघ के मुख के चित्रण से पड़ा है। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।



### तिरुकदवलमलई

तिरुकदवलमलई महाबलीपुरम का एक प्राचीन विष्णु मंदिर है। इस मंदिर की वास्तुकला और धार्मिक महत्त्व इसे एक महत्वपूर्ण स्थल बनाते हैं। यहाँ भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और यह मंदिर धार्मिक पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण है।



### गणेश रथ

गणेश रथ महाबलीपुरम के प्रमुख स्थानों में से एक है। यह एक मोनोलिथिक संरचना है जो भगवान गणेश को समर्पित है। इस रथ की शिल्पकारी अद्वितीय है और यह स्थान धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



### अर्जुन की तपस्या

अर्जुन की तपस्या एक विशाल पत्थर की नक्काशी है जो महाभारत के एक प्रसंग को दर्शाती है। इसे 'गंगावतरण' या 'अर्जुन की तपस्या' भी कहा जाता है। यह नक्काशी महाबलीपुरम की प्रमुख आकर्षणों में से एक है और इसे देखने के लिए दुनिया भर से पर्यटक आते हैं।

महाबलीपुरम की यात्रा इन स्थलों के बिना अधूरी है। यहाँ की प्राचीन वास्तुकला, शिल्पकारी और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करती है। महाबलीपुरम न केवल इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वालों के लिए है, बल्कि यह स्थान प्राकृतिक प्रेमियों और धार्मिक आस्था रखने वालों के लिए भी खास है।

# मंगलोर बज्जी - मसालों का जादू, कुरकुरे का स्वाद



मंगलोर बज्जी जिसे गोलिबाजेर भी कहा जाता है, कर्नाटक का एक लोकप्रिय स्नैक है। यह फूला हुआ, कुरकुरा और अंदर से नरम होता है, जिसे नारियल की चटनी या सांबर के साथ परोसा जाता है। आइए जानते हैं इसे बनाने की सरल रेसिपी।

## सामग्री:

- 1 कप मैदा
- 1/4 कप चावल का आटा
- 1/4 कप दही
- 1 मध्यम आकार का प्याज (बारीक कटा हुआ)
- 2-3 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
- 1/2 इंच अदरक (कद्दूकस किया हुआ)
- 1 चम्मच जीरा
- 1 चम्मच धनिया पत्ती (कटी हुई)
- 1/4 चम्मच बेकिंग सोडा
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- तेल (तलने के लिए)

मंगलोर बज्जी का स्वाद सबसे अच्छा तब आता है जब इसे तुरंत गरमा गरम परोसा जाता है। इसका कुरकुरापन और मसालों का स्वाद इसे एक बेहतरीन नाश्ता बनाता है, जो सभी को पसंद आएगा। आप इसे शाम के चाय के साथ या किसी विशेष अवसर पर भी परोस सकते हैं।

## विधि:

**घोल तैयार करें:** एक बड़े बर्तन में मैदा, चावल का आटा, दही और थोड़ा पानी डालकर मिलाएँ। मिश्रण को गाढ़ा और चिकना बनाएं, ध्यान रखें कि इसमें कोई गुठली न रह जाए। इस घोल को कम से कम 3-4 घंटे के लिए ढककर रख दें ताकि वह अच्छी तरह से फूल जाए।

8 **मसाले मिलाएं:** घोल में बेकिंग सोडा, नमक, जीरा, हल्दी पाउडर, बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च, अदरक, और धनिया पत्ती डालें। सभी सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं ताकि मसाले समान रूप से घुल जाएं।

8 **तलने की तैयारी:** एक कढ़ाई में तेल गरम करें। तेल मध्यम गरम होना चाहिए ताकि बज्जी अंदर से भी अच्छी तरह पक जाएं। घोल से छोटे-छोटे गोले बनाएं और उन्हें गरम तेल में धीरे-धीरे छोड़ें।

8 **तलना:** बज्जियों को मध्यम आंच पर सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें। इसे तलते समय पलटते रहें ताकि यह सभी तरफ से समान रूप से पक जाए।

8 **परोसें:** जब बज्जियाँ सुनहरी हो जाएं, तो उन्हें कढ़ाई से निकालकर पेपर टॉवल पर रखें ताकि अतिरिक्त तेल सोख लिया जाए। गरमा गरम मंगलोर बज्जी तैयार है।

8**परोसने का तरीका:** इन्हें नारियल की चटनी या सांबर के साथ परोसें। आप चाहें तो इन्हें टमाटर की चटनी या हरी चटनी के साथ भी परोस सकते हैं।

# स्वास्थ्य के लिए इस्तेमाल करें अच्छे तेल

सही खाना पकाने का तेल चुनना आपके स्वास्थ्य में बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है, लेकिन इतने सारे विकल्पों के साथ, भ्रमित होना आसान है। क्या आप जानते हैं कि आप जो तेल रोजाना इस्तेमाल करते हैं, वह आपके दिल के लिए फायदेमंद या नुकसानदेह हो सकता है? कुछ तेल पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं जो आपकी सेहत का ख्याल रखते हैं, जबकि अन्य चुपके से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। इस लेख में, हम यह पता लगाएंगे कि आपको कौन से तेल अपनाने चाहिए और किन से बचना चाहिए ताकि आप स्वस्थ और खुश रहें। जैतून



का तेलः जैतून का तेल सबसे स्वस्थ तेलों में से एक है जिसका आप उपयोग कर सकते हैं। यह मोनोअनसैचुरेटेड वसा नामक स्वस्थ वसा से भरपूर होता है, जो आपके दिल के लिए अच्छा होता है। जैतून का तेल सलाद, पकी हुई सब्जियों पर छिड़कने या हल्का तलने के लिए बहुत अच्छा है। एक्स्ट्रा वर्जिन जैतून का तेल सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि यह कम संसाधित होता है और अधिक पोषक तत्वों को बरकरार रखता है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**मिथुन:** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कर्क:** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा।

**सिंह:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या:** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। धैर्य रखें, समय सुधरेगा।

**तुला:** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

**वृश्चिक:** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है।


**धनु:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर:** अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी।

**कुंभ:** मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मीन:** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा।

# राहु क्या है, महत्वपूर्ण जानकारी ?



जिस तरह कर्ण पिशाचिनी आपको गुप्त बातों की जानकारी देती है, उसी तरह यदि राहु आपकी कुंडली में बलवान होगा तो आपको सभी तरह की गुप्त बातें बैठे बिठाए ही पता चल जायेंगी। यदि आपको लगता है की सब कुछ गुप्त है और आपसे कुछ छुपाया जा रहा है या आपके पीठ पीछे बोलने वाले लोग बहुत अधिक हैं, तो यह भी राहु की ही करामात है। राहु रहस्य का कारक ग्रह है और तमाम रहस्य की परतें राहु की ही देन होती हैं। राहु वह झूठ है जो बहुत लुभावना लगता है। राहु झूठ का वह रूप है जो झूठ होते हुए भी सच जैसे प्रतीत होता है। राहु कम से कम सत्य तो कभी नहीं है। जो सम्बन्ध असत्य की डोर से बंधे होते हैं या जो सम्बन्ध दिखावे के लिए होते हैं वे राहु के ही बनावटी सत्य हैं। राहु व्यक्ति को झूठ बोलना सिखाता है बातें छिपाना, बात बदलना, किसी के विश्वास को सफलता पूर्वक जीतने की कला राहु के अलावा कोई और ग्रह नहीं दे सकता। राहु वह लालच है, जिसमें व्यक्ति को कुछ अच्छा बुरा दिखाई नहीं देता केवल अपना स्वार्थ ही दिखाई देता है। क्यों न हों ताकतवर राहु के लोग सफल? क्यों बुरे लोग तरक्की जल्दी कर लेते हैं। क्यों झूठ का बोलबाला अधिक होता है और क्यों दिखावे में इतनी जान होती है ? क्योंकि इन सबके पीछे राहु की ताकत रहती है। मांस मदिरा का सेवन, बुरी लत, चालाकी और क्रूरता, अचानक आने वाला गुस्सा, पीठ पीछे की वो बुराई, जो ये काम करे ये सब राहु की विशेषताएं हैं। असलियत को सामने न आने देना ही राहु की खासियत है।




प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### पैंथर ने अधेड़ को बुरी तरह किया जख्मी

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा के गढ़ी उपखण्ड की उबाड़ा ग्राम पंचायत के आलोरा पाड़ा में पैंथर के हमले से एक अधेड़ बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे परतापुर से प्राथमिक उपचार के बाद बांसवाड़ा रेफर किया गया। रेस्क्यू के दौरान पैंथर ने वनकर्मी पर भी हमला कर दिया, जिसे बचाने के प्रयास में ग्रामीण जुटे और पैंथर पर हमला कर दिया। इसके बाद उपचार के दौरान पैंथर की मौत हो गई।

### विवाद को लेकर किरायेदारों ने की थी वृद्ध की हत्या




**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में एक वृद्ध का अपहरण और हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों ने मकान न बेचने के विरोध में वृद्ध की हत्या कर शव को गोमती नदी में फेंका था। वारदात को इस तरह से अंजाम दिया गया था कि लोग से लूट के बाद हत्या समझे। पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने पत्रकारों को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि सिद्धार्थ नरूला ने अपने पिता वीरेन्द्र नरूला की 12 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस ने इसे संज्ञान में लेकर जांच किया तो कई साक्ष्य इकट्ठा किया और उसके आधार पर दो भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान मानकनगर निवासी सुखविन्दर सिंह उर्फ विक्की, अजीत उर्फ टीटू के रूप में हुई है। इ

### दो साल की बच्ची का अपहरण करके हत्या, नाले में मिला शव

**मेरठ।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के हाट बाजार में घर के बाहर सो रही दो साल की बच्ची का एक युवक ने अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपित ने बच्ची को नाले में फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और पिटाई करके पुलिस को सौंप दिया। बच्ची के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित हाट बाजार में झुग्गी-झोपड़ियों में योगेंद्र अपने परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार की रात परिवार सोया हुआ था। परिजनों के अनुसार, आधी रात के बाद एक युवक चुपके से उनकी झुग्गी में घुस गया और सोती हुई योगेंद्र की दो साल की बेटी को उठाकर ले गया। बच्ची रोने लगी तो परिजनों की आंख खुल गई और बच्ची की मां ने शोर मचा दिया। आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए और आरोपित का पीछा करने लगे।

# कार्गो एरिया में लीक हुआ रेडियोएक्टिव एलिमेंट

### मचा हड़कंप, कर्मचारी किए गए आइसोलेट

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट पर रेडियोएक्टिव मटेरियल के लीकेज का मामला सामने आया है। रेडियोएक्टिव मटेरियल के लीक होते ही एयरपोर्ट पर सिक्यूरिटी अलार्म बजने लगा। यात्री कुछ समझ पाए, सुरक्षाकर्मियों ने इलाके को खाली कराना शुरू कर दिया। आनन-फानन में एयरपोर्ट के करीब डेढ़ किलोमीटर के इलाके को खाली करा दिया। दरअसल, लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर कैंसर की रेडियोएक्टिव दवा लीक हो गई। इसके बाद सुरक्षा उपकरणों का अलार्म बजने लगा। इससे एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। वहीं, इस घटना में कार्गो एरिया में स्कैनिंग में लगे दो कर्मचारियों के बेहोश होने की सूचना है। उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। रेडियोएक्टिव मटेरियल लीक होने की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को सूचना दी गई। वहीं, सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को खाली करा दिया। सुरक्षा एजेंसियों को मामले की सूचना दी गई। एजेंसियां एयरपोर्ट पर पहुंची। रेडियोएक्टिव मटेरियल के लीकेज की जांच शुरू कर दी गई है। रेडियोएक्टिव मटेरियल की जद में आने वाले लोगों को रोका गया है। उनकी पूरी जांच के बाद ही जाने की अनुमति मिलेगी।




#### स्कैनिंग के दौरान बजने लगा अलार्म

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, लखनऊ से गुवाहाटी जा फ्लाइट में यह मेडिकल यूज वाले रेडियो मटेरियल वाले बॉक्स ले जाए जाने वाले थे। लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर स्कैनिंग के दौरान मशीन का अलार्म बजने लगा। लकड़ी के बॉक्स से रेडिएशन की खबर सामने आई। इन बॉक्स में कैंसर रोधी दवाएं थी। इसमें रेडियोएक्टिव एलिमेंट का इस्तेमाल होता है।

रेडियोएक्टिव मटेरियल लीक होने का अलार्म बजते ही सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी गई। पूरे इलाके को खाली कराया गया। मामले की जांच चल रही है। यात्रियों को हटाकर इलाके को खाली कराया गया।

#### तीन कर्मचारी किए गए आइसोलेट

अमौसी एयरपोर्ट पर रेडियोएटिव मटेरियल लीक होने के बाद इसकी चपेट में आने वालों की पहचान शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार, स्कैनिंग में लगे तीन कर्मचारियों के इसकी चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। इसलिए, उन्हें आइसोलेट किया गया है। उन पर रेडियोएक्टिट मटेरियल के इफेक्ट की जांच की जाएगी। दावा किया जा रहा है कि क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ है। इसके बाद सभी लोगों को एयरपोर्ट से हटा दिया गया है। अभी सभी लोगों को एयरपोर्ट से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

#### संचालन नहीं हुआ है प्रभावित

एयरपोर्ट के कार्गो एरिया को पूरी तरह से खाली कराया गया है। हालांकि, एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि रेडियोएक्टिव मटेरियल लीक होने से एयर ट्रैफिक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। सीसीएसआई एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा कि एक मेडिकल कंसाइनमेंट ने रेडियोधर्मी पदार्थ की जांच के लिए लगाए गए अलार्म को एक्टिव कर दिया। अलार्म के कारण का पता लगाने के लिए एनडीआरएफ को बुलाया गया है। किसी की जान को कोई खतरा नहीं है। एयरपोर्ट के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। प्रवक्ता ने कहा कि इस घटना में अब तक कोई घायल नहीं है।

## बीएचयू अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर की मेन OPD बंद

### कंसल्टेंट की कुर्सी खाली, भटक रहे मरीज




**वाराणसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिक कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में आईएमएस बीएचयू के रेजिडेंट की हड़ताल की वजह से बीएचयू अस्पताल के साथ ही ट्रामा सेंटर में ओपीडी भी पूरी तरह से बंद रही। शनिवार को ओपीडी के गेट पर ताला बंद रहा और यहां ओपीडी बंद होने की नोटिस भी चस्पा करा दी गई। रेजिडेंट तो हड़ताल पर हैं लेकिन कंसल्टेंट के न बैठने से ओपीडी हाल की कुर्सियां भी खाली रहीं। यहा सन्नाटे जैसा माहौल रहा। इस कारण शनिवार को यहां आए मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ा। बीएचयू में हड़ताल के छठे दिन शनिवार को तो ओपीडी में पूरी व्यवस्था ही चरमरा गई। बीएचयू अस्पताल की जिस ओपीडी में हर दिन मरीजों की भीड़ उमड़ी रहती है, वहां शनिवार को सुबह से ही सन्नाटा पसरा है। अस्पताल के पर्चा काउंटर का चैनल गेट बंद होने के साथ ही मेन ओपीडी और सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में चलने वाली ओपीडी हाल में भी गेट को बंद करा दिया गया है। यहा पैरामेडिकल स्टाफ को बैठाया गया है कि कोई भी मरीज और परिजन ओपीडी के अंदर ना पाए। इसी तरह की स्थिति ट्रामा सेंटर में भी देखने को मिली। यहां भी ओपीडी का गेट बंद कर दिया गया है और जिससे बहुत से मरीज डॉक्टर को दिखा नहीं पाए हैं।

## कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या



**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के जमाई था ग्राम निवासी नेहा यादव उम्र 25 वर्ष पुत्री उत्तम सुरेश यादव नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के चित्र सारी मोहल्ले में किराए के मकान लेकर पढ़ाई कर रही थी आज दोपहर किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ले सूचना पर चौकी इंचार्ज सरकार मंडी महिला दरोगा कंचन पांडे अपने हमराहियों को लेकर मौके पर पहुंच गई छात्र को नीचे उतरवा कर तत्काल जिला अस्पताल लाया गया।इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया बताया जाता है कि नेहा की इसी वर्ष आजमगढ़ जिले के वर्धा थाना क्षेत्र के भीरा गांव निवासी महेश यादव मैं माह में शादी हुई थी। मायके में ससुराल के सहमति से नेहा टीटी कॉलेज में पढ़ रही थी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मायके वालों ने ससुराल वालों को फोन द्वारा सूचना दे दिया है।

# पश्चिमी सिंहभूम में युवक का शव बरामद

### हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी । पश्चिम सिंहभूम

पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ है। उसके गले पर जख्म के निशान पाये गये हैं। जिसके बाद लोग उसकी गला रेत कर हत्या की आशंका जता रहे हैं। शव की बरामदगी बरडीह गांव के पास स्थित बालपोस टांड में हुई है। इसके बाद से इलाके में सनसनी फैल गयी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। हालांकि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है।



#### पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

युवक का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोग से पूछताछ की गयी। हालांकि पूछताछ में युवक के बारे में कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृत युवक के शिनाख्त करने की दिशा में प्रयास जारी है।

#### दैनिक काम के लिए लोग जब घर से बाहर निकले तो शव को देखा

बरडीह गांव के पास युवक का शव बरामद होने के बाद से स्थानीय लोगों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जब अहले सुबह लोग अपने दैनिक काम के लिए घर से बाहर निकले तो बारीडीह गांव के पास एक युवक को मृत पड़ा देखा। जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है।

## नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं बस्ती के लोग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह क्षेत्र में छोटा हनुमान मंदिर से बाघाडेरा, कोचाकुल्ही होते हुए सरजामदा छोलागोड़ा तक की सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है. बारिश के मौसम में यह सड़क नाले में बदल जाती है, जिससे आवागमन बेहद कठिन हो जाता है. जर्जर सड़क व नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने की वजह से बस्तीवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं. कोचाकुल्ही के पास सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर उभर आए हैं, जिससे यह चलने योग्य नहीं रह गई है. कोचाकुल्ही नीचे टोला क्षेत्र में बारिश के कारण सड़क का आधा हिस्सा कटकर खाई में तब्दील हो गया है. यहां से गुजरने वाले लोग हर दिन गिरकर घायल हो रहे हैं. बस्तीवासियों ने इस सड़क के मरम्मतीकरण की मांग को लेकर कई बार मुखिया से लेकर सांसद तक गुहार लगाई है. जिला प्रशासन को भी पत्राचार किया गया है।

# सदर अस्पताल और रिम्स के बाहर डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

**रांची।** कोलकाता में महिला डॉक्टर से हुई दरिंदगी मामले में झारखंड के डॉक्टर्स हड़ताल पर हैं। सभी जिले में चिकित्सक आज प्रदर्शन कर रहे हैं। इस कड़ी में शनिवार को राजधानी रांची के रिम्स और सदर अस्पताल के बाहर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। वे बंगाल में हुई घटना पर न्याय के साथ साथ राज्य सरकार से सुरक्षा की भी मांग कर रहे हैं। इस दौरान वे एक, दो, तीन, चार बंद करो ये अत्याचार जैसे नारे लगा रहे थे। सभी के हाथों में एक तख्ती है जिसमें हेट क्राइम्स में आरोपियों को न बचाने की अपील की गयी है।




#### मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की हो रही मांग

रांची के रिम्स और सदर अस्पताल के बाहर डॉक्टरों ने जोरदार प्रदर्शन कर कोलकाता की महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना पर न्याय की मांग की। सभी लोग मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के साथ साथ क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में संशोधन की मांग कर रहे हैं। इस दौरान वे वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगा रहे हैं।राज्यभर में हो रहे प्रदर्शन के कारण मरीजों को परामर्श नहीं मिल पा रहा है। इमरजेंसी सेवा को छोड़ सभी प्रकार की सेवाएं ठप हैं।




# LIC की मार्केट वैल्यू इस हफ्ते 47,943 करोड़ हुई कम

### TCS का मार्केट कैप 67,477 करोड़ बढ़ा, इस हफ्ते 731 अंक चढ़ा सेंसेक्स

एजेंसी । मुंबई

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 7 की वैल्यू बीते हफ्ते कंबाइंड रूप से 1,40,863.66 करोड़ रुपए (1.40 लाख करोड़ रुपए) बढ़ी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी TCS टॉप गेनर रही। हफ्ते भर में कारोबार के दौरान टेक कंपनी का मार्केट कैप 67,477.33 करोड़ रुपए बढ़ा। अब कंपनी का वैल्यूएशन बढ़कर 15.98 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इससे पहले कंपनी का मार्केट कैप 15.31 लाख करोड़ रुपए था। TCS के अलावा इंफोसिस, भारती एयरटेल, ICICI बैंक, ITC लिमिटेड, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने भी हफ्ते भर कमाई की है।




#### LIC, HDFC और SBI की वैल्यू 71,497 करोड़ कम हुई

वहीं, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (LIC), HDFC बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) का मार्केट कैप इस दौरान कंबाइंड रूप से 71,493.9 करोड़ रुपए कम हुआ है। LIC का मार्केट कैप 47,943.48 करोड़ रुपए कम होकर 6.69 लाख करोड़ रुपए रहा गया है। वहीं, HDFC बैंक और SBI की मार्केट वैल्यूएशन में इस दौरान 13,064 करोड़ और 10,486.42 करोड़ रुपए की गिरावट रही है।

## ओमेक्स का शुद्ध घाटा जून तिमाही में बढ़कर 147.44 करोड़ रुपए पर



एजेंसी । नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंपनी ओमेक्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 147.44 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 106.32 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 385.23 करोड़ रुपये हो गई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 220.85 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कुल खर्च जून तिमाही में बढ़कर 542.40 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 352.39 करोड़ रुपये था।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

### सोना 941 रुपए बढ़कर 70,604 रुपए पर पहुंचा, चांदी 1,247 रुपए महंगी हुई

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 10 अगस्त को सोना 69,663 रुपए पर था, जो अब (17 अगस्त) को 70,604 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 941 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 80,263 रुपए पर थी, जो अब 81,510 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 1,247 रुपए बढ़ी है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी। वहीं सोने ने 21 मई को 74,222 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

#### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत



**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,920 रुपए है।
**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,770 रुपए है।
**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,700 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,770 रुपए है।
**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,770 रुपए है।

#### इस साल सोने में अब तक 7 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी

IBJA के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 7,252 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 70,604 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 81,510 रुपए पर पहुंच गए हैं।

## राजस्थान सरकार को 5.21 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले

**जयपुर।** राजस्थान सरकार को 'राइजिंग राजस्थान' निवेशक सम्मेलन-2024 की तारीखों की घोषणा के दो सप्ताह के भीतर ही 5.21 लाख करोड़ रुपये (तकरीबन 62 अरब डॉलर) से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अधिकारिक बयान के अनुसार, निवेश संवर्द्धन ब्यूरो (बीआईपी) को ये प्रस्ताव देश और विदेश के कॉरपोरेट जगत की प्रमुख बड़ी कंपनियों से प्राप्त हुए हैं। बीआईपी इस इन्वेस्टमेंट समिट का नोडल विभाग है। इन औद्योगिक परियोजनाओं से तकरीबन 1.55 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने का अनुमान है। बयान के



अनुसार, राज्य सरकार को मिले 5.21 लाख करोड़ रुपये के यह निवेश प्रस्ताव राजस्थान की वर्तमान अर्थव्यवस्था के 33 प्रतिशत से भी अधिक है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था 2023-24 में 15.28 लाख करोड़ रुपये (प्रचलित मूल्यों पर) अनुमानित है।

# कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटकर 2,100 रुपये प्रति टन हुआ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में कटौती की है। सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 4,600 रुपये प्रति टन से घटाकर 2,100 रुपये प्रति टन कर दिया है। हालांकि, पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाले दर को शून्य पर बरकरार रखा है। नई दरें शनिवार से लागू हो गईं है। सरकार



की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को 4,600 रुपये प्रति टन से घटाकर 2,100 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। हालांकि, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर लगने वाला अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर यथावत रखा गया है। इससे पहले 1 अगस्त, 2024 को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 7 हजार रुपये प्रति टन से घटाकर 4,600 रुपये प्रति टन किया गया था। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों को देखते हुए 15 दिनों पर घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स की समीक्षा की जाती है।

## दिल्ली-एनसीआर में 2024 की पहली छमाही में भंडारण क्षेत्र की मांग 77 प्रतिशत गिरी: वेस्टियन

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली में इस वर्ष जनवरी-जून के दौरान भंडारण (वेयरहाउसिंग) और लॉजिस्टिक्स स्थानों की पट्टा गतिविधियों में 77 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी वेस्टियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान चेन्नई में मांग में तीन गुना हो गई। जनवरी-जून, 2024 के लिए वेस्टियन की नवीनतम वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष की पहली छमाही के दौरान जनवरी-जून में सात प्रमुख शहरों में



वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स स्थानों का पट्टा आठ प्रतिशत बढ़कर 1.66 करोड़ वर्ग फुट हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 1.54 करोड़ वर्ग फुट था। इस साल जनवरी-जून के दौरान प्रमुख सात शहरों में से सर्वाधिक 77 प्रतिशत गिरावट के साथ दिल्ली-एनसीआर में 11 लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल का पट्टा किया गया।

# ऊपरवाले पर छोड़ दिया 90 मीटर की दूरी का लक्ष्य: नीरज

*पेरिस में आर्क स्पीड अच्छी थी लेकिन लाइन सही नहीं हो पा रही थी। अगर यह सीधी होती तो मैं दो-तीन मीटर दूर निकल सकता था। मैंने एक बार भी नहीं सोचा कि अरशद के थ्रो से बेहतर नहीं किया जा सकता। मेरा दिमाग तैयार था लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा था।*

*–नीरज चोपड़ा, ओलंपिक पदक विजेता*

एजेंसी । नई दिल्ली

पेरिस खेलों में 90 मीटर के अपने लक्ष्य से मामूली अंतर से चूकने वाले लगातार दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने इस लक्ष्य को अब भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। नीरज ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। पेरिस में उनके छह में से यह इकलौता वैध प्रयास था। उनका प्रयास स्वर्ण विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो से 92.97 मीटर से काफी कम था। नीरज ने निकट भविष्य में अपने 90 मीटर के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, अब लगता है कि इस तरह के लक्ष्य को 'ऊपरवाले पर छोड़ना होगा।

### डायमंड लीग में उतरेंगे

*ओलंपिक के बाद नीरज ने स्विट्जरलैंड में अभ्यास शुरू कर दिया है। नीरज अब 22 अगस्त को होने वाली डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगे और फिर ब्रसेल्स में 13-14 सितंबर को डायमंड लीग फाइनल में भाग लेने के बाद अपनी कमर की चोट के बारे में चिकित्सकों से परामर्श लेंगे।*




### खामियां सुधारने पर काम करूंगा

*उन्होंने शनिवार को ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं बस अच्छी तरह से तैयारी करना चाहता हूं। 90 मीटर के बारे में पहले ही बात हो चुकी है, अब मुझे लगता है कि इसे रहने दो। अब मैं दो या तीन प्रतियोगिताओं में अपना 100 प्रतिशत दूंगा और देखूंगा कि क्या होता है। इस दौरान मैं अपनी खामियां सुधारने पर काम करूंगा।*

### तकनीक बदलने की जरूरत

*उन्होंने कहा कि उन्हें तकनीक बदलने की जरूरत है। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, जब मैं भाले के साथ दौड़ता हूं तो क्रॉस स्टेप लेने पर कमर पर भी काफी दबाव पड़ता है। लेकिन अभी मैं अपनी तकनीक में बदलाव नहीं कर पा रहा हूं। इसके अलावा मेरी भाले की लाइन भी सही नहीं थी। ब्रसेल्स डायमंड लीग के फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए चोपड़ा को डायमंड लीग मीट सीरीज के शीर्ष छह में रहना होगा।*

**चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने मोनफिल्स से हार के बाद गुस्से में तोड़ा रैकेट, रूने ने गेल का सफर भी थामा**

# होल्गर सिनसिनाती ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले डेनमार्क के पहले खिलाड़ी

एजेंसी । सिनसिनाटी

डेनमार्क के टेनिस स्टार होल्गर रूने ओपन युग में सिनसिनाती ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 15वें वरीयता प्राप्त रूने ने फ्रांस के गेल मोनफिल्स के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद दो घंटे 14 मिनट में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। पिछले मुकाबले में चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज को उलटफेर का शिकार बनाने वाले मोनफिल्स डेनिश खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद लय गंवाकर मैच हार गए।



### अब जैक से सामना

*सत्र के तीसरे क्वार्टर फाइनल में पहुंचे रूने का सामना ब्रिटेन के 22 वर्षीय जैक ड्रेपर से होगा। ड्रेपर ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर को 5-7, 6-4, 6-4 से बाहर का रास्ता दिखाया। ड्रेपर ने लगातार दूसरे मुकाबले में पहला सेट गंवाने के बाद जीत दर्ज की। उन्होंने टूर्नामेंट के अपने तीनों मुकाबले तीन सेट में खेले।*

### शैल्टन और हुर्काज भी जीते

*अमेरिका के बेन शैल्टन ने हंगरी के फैबियान को 6-4, 6-3 से और पोलैंड के हुबुर्ट हुर्काज ने इटली के फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 3-6, 6-1 से पराजित किया। फ्रांसिस टियोफ ने जिरी को 6-4, 6-7, 7-6 से मात दी। यानिक सिनेर को ऑस्ट्रेलिया के उनके प्रतिद्वंद्वी जॉर्डन थॉम्प्सन ने वॉकओवर दे दिया।*

### इगा और सबालेंका भी जीतीं


*महिलाओं में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्त्युक पर 6-2, 6-2 की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आर्यना सबालेंका ने एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-2 से और अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को 7-5, 6-1 से मात दी। फ्रेंच ओपन और विम्बलडन की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी को मीरा एंड्रीवा से 3-6, 6-3, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।*

# पूर्व चैंपियन मैनचेस्टर युनाइटेड ने फुल्हम को 1-0 से हराया

एजेंसी । मैनचेस्टर

13 बार की चैंपियन फुटबॉल टीम मैनचेस्टर युनाइटेड ने अपने प्रीमियर लीग अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है। उसने शुक्रवार को ब्रिटेन के ओल्ड ट्रैफर्ड में फुल्हम को 1-0 से पराजित कर दिया। मैनचेस्टर युनाइटेड ने पदार्पण करने वाले जोशुआ जर्किजी के गोल की बदौलत जीत हासिल हुई। यह 20 टीमों के टूर्नामेंट का 33वां संस्करण है जो 25 मई 2025 तक खेला जाएगा।

### जीत के बावजूद चिंता



हालांकि विजयी अभियान की शुरुआत के बावजूद पूर्व युनाइटेड डिफेंडर गैरी नेविल ने मुख्य कोच एरिक टेन हाग के नेतृत्व में टीम के प्रदर्शन और खेलने की शैली के बारे में चिंता व्यक्त की। नेविल ने कहा, इस मैच में टीम में ठहराव और शानदार प्रदर्शन किया था। पर उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युनाइटेड लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती हुई दिखाई दी। नेविल ने कहा, उन्हें जीतना ही था, पर ऐसा नहीं लग रहा था कि टीम में बड़े अंतर से जीतेगी। मैदान में खिलाड़ी तनावपूर्ण माहौल में खेलते दिखाई दे रहे थे। डिफेंडर नेविल ने कहा कि यह जीत सीजन की आशाजनक शुरुआत है।

# अदिति महिला स्कॉटिश ओपन में कट से चूकीं




एजेंसी । इर्विन

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ हांडा महिला स्कॉटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं। लेडीज यूरोपीय टूर पर पांच बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था। अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोन तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं।

# मोहन बागान-ईस्ट बंगाल का डूरंड कप मुकाबला रद्द

एजेंसी । कोलकाता

मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच रविवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाला डूरंड कप मैच शहर में मौजूदा अशांति के कारण रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोलकाता पुलिस अधिकारियों और टूर्नामेंट के आयोजकों के बीच बैठक के बाद लिया गया। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया, दोनों टीमों को



एक-एक अंक दिया जाएगा, जबकि प्रशंसकों को खरीदे गए टिकटों का पूरा पैसा वापस मिलेगा। यह भी पता चला है कि कोलकाता में होने वाले डूरंड कप के बाकी मैच जमशेदपुर में स्थानांतरित किए जा सकते हैं।

# रहाणे के दम पर लीसेस्टरशायर सेमीफाइनल में

एजेंसी । लंदन


अजिंक्य रहाणे (70) ने कांउटी क्रिकेट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। उनके लगातार दूसरे अर्धशतक से गत चैंपियन लीसेस्टरशायर ने हैंपशायर को रोमांचक मुकाबले में एक गेंद रहते तीन विकेट से शिकस्त देकर मेट्रो बैंक वनडे कप के सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। लीसेस्टरशायर ने 290 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। रहाणे ने



पीटर हैंडस्कांब (74) के साथ चौथे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी कर टीम को न सिर्फ संभाला बल्कि जीत के करीब भी पहुंचाया। रहाणे छठे बल्लेबाज के रूप में आउट हुए इससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 188 रन हो गया। रहाणे ने 86 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके जड़े। इसके बाद बेन कॉक्स (45) और लियाम (60 नाबाद) ने को जीत दिला दी। इससे पहले हैंपशायर ने कप्तान निक गुब्बिंस (136) के शतक और लियाम डावसन (50) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 290 रन बनाए। लीसेस्टरशायर के लिए टॉम स्क्रिवेन ने तीन विकेट चटकाए।

# विजय राज 'सन ऑफ सरदार 2' से हुए बाहर

अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। इस वजह से इसकी दूसरी कड़ी 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर भी दर्शक बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म से अभिनेता विजय राज भी जुड़े थे, लेकिन अब खबर आ रही है कि उन्हें उनके गैर पेशेवर रवैये और बुरे व्यवहार के कारण फिल्म से बाहर कर दिया गया है। इस पर खुद विजय ने भी प्रतिक्रिया दी है।



### बड़ी-बड़ी मांग कर रहे थे विजय?

पिंकविला से फिल्म के सह-निर्माता कुमार मंगत पाठक ने कहा, 'हां, यह सच है हमने विजय को सेट पर उनके व्यवहार के कारण फिल्म से हटा दिया। अब उनकी जगह संजय मिश्रा को लिया गया है। वह बड़े कमरे और वैनिटी वैन की मांग कर रहे थे। उन्होंने स्पॉट बॉय के लिए हमसे ज्यादा पैसे भी लिए थे। उनके स्पॉट बॉय को एक रात के 20,000 रुपये मिलते थे, जो किसी भी बड़े एक्टर के स्पॉट बॉय से ज्यादा है।'

### अभिनेता के स्पॉटबॉय पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

निर्माता आगे बोले, 'ब्रिटेन एक महंगी जगह है और शूट के हिसाब से सभी को अच्छे कमरे दिए गए, लेकिन उनकी मांग प्रीमियम सुइट्स की थी। जब हमने उन्हें समझाने की कोशिश की तो उन्होंने समझने से इनकार कर दिया और गलत तरीके से बात की। यही नहीं, अभिनेता के स्पॉट बॉय ने नशे में एक होटल स्टाफ सदस्य के साथ यौन उत्पीड़न किया। जब हमने स्थिति संभालने की कोशिश की तो विजय ने इसमें भी हमारा सहयोग नहीं किया।'

विजय ने बताई फिल्म से निकालने की वजह

विजय ने इस पर कहा, 'मुझे सिर्फ इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि मैंने सेट पर आने पर अजय का अभिवादन नहीं किया। मैं ट्रायल के लिए समय से पहले पहुंच गया था। वहां मैंने देखा कि अजय मुझसे लगभग 25 मीटर दूर खड़े थे, लेकिन उन्होंने उनका अभिवादन नहीं किया, क्योंकि वह व्यस्त लग रहे थे। मैं पास खड़े अपने दोस्तों से बातचीत करता रहा। मुझे सेट पर पहुंचने के महज 30 मिनट के अंदर फिल्म से निकाल दिया गया।'

विजय की बात पर पाठक बोले, 'अजय उनमें से नहीं, जो किसी के अभिवादन का इंतजार करेंगे। वह सबके साथ इज्जत से पेश आते हैं। हमें विजय को फिल्म से निकालने पर 2 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इतनी छोटी सी



बात पर हम इतना बड़ा कदम नहीं उठाते। विजय का बर्ताव सबसे बड़ी वजह थी। हमारी फिल्म के सेट पर अनादर करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है, क्योंकि हम एक परिवार की तरह काम करते हैं।'

# बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री 2' का कहर जारी

*स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'स्त्री 2', 'खेल खेल में' और 'वेदा' ये 3 हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में आईं। जहां 'स्त्री 2' ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाका किया और यह इस साल की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी, वहीं अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर खेल करने से चूक गई। उधर 'वेदा' भी 'स्त्री 2' के आगे घुटनों पर नजर आ रही है।*




### 'स्त्री 2' के कलाकार और कहानी

'स्त्री 2' साल 2018 में आई इसी नाम की फिल्म का सीक्वल है, जिसमें श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव के अलावा विजय राज, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना और तमन्ना भाटिया भी हैं। जहां प्रीक्वल में चंदेरी गांव स्त्री के आतंक से परेशान था, वहीं 'स्त्री 2' में अब सरकटे का आतंक है। दर्शकों को 'स्त्री 2' ने अपना दीवाना बना लिया है। वे इसकी कहानी से लेकर इसके कलाकारों तक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

### दूसरे दिन 'स्त्री 2' ने कमाए इतने करोड़

'स्त्री 2' ने रिलीज होते ही बड़ा धमाका कर दिया है। 15 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म ने ओपनिंग डे पर 51 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं अब दूसरे दिन भी इसका डंका बज रहा है। इस फिल्म ने दूसरे दिन 30 करोड़ की कमाई की। 16 अगस्त को छुट्टी न होने के कारण कमाई गिरी जरूर, लेकिन अब भी यह काफी मजबूत स्थिति में है। फिल्म महज 2 दिन में 90 .30 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

# 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का ट्रेलर जारी

*दलपति विजय की फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें विजय दमदार एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म निर्माताओं ने दर्शकों से वादा किया था कि वो 17 अगस्त को ट्रेलर रिलीज करेंगे, जिसके बाद से ही विजय के प्रशंसक पांच बजने का इंतजार कर रहे थे और अब उन्हें उनके सब्र का फल मिल गया है।*


### 68 ऑपरेशन को दिया अंजाम, इसलिए है 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम'

'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि विजय का किरदार एक टीम को लीड करने जा रहा है, जो इससे पहले 68 अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका हैं। ये सब जानकारी देते हुए एक किरदार कहता है कि कम से कम शब्दों में कहा जाए तो वो ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम है।

### विजय की 68वीं फिल्म है 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम'


'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का निर्देशन वेंकट प्रभु ने किया है। इस फिल्म के जरिए दलपति विजय और वेंकट प्रभु पहली बार साथ में काम कर रहे हैं। यह विजय की 68वीं फिल्म है, जिसका निर्माण एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। फिल्म की एडिटिंग वेंकट राजन ने की है और इसका संगीत युवान शंकर राजा ने तैयार किया है।

***5 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म:*** 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में विजय के साथ-साथ प्रशांत, मीनाक्षी चौधरी, प्रभु देवा, माइक मोहन, लैला, जयराम, स्नेहा और योगी बाबू समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। खास बात यह है कि इसके निर्देशक वेंकट प्रभु के भाई प्रेमगी ने भी फिल्म में काम किया है। फिल्म 5 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी।



# अमिताभ बच्चन की दरियादिली

*अमिताभ बच्चन हाल ही में 'कौन बनेगा करोड़पति' उर्फ 'केबीसी 16' के होस्ट के रूप में वापस आए हैं। वे अपने हाव-भाव से पहले से ही लोगों का दिल जीत रहे हैं। शो के नए एपिसोड में बिग बी ने एक प्रतियोगी को उनके एक लक्ष्य प्राप्त करने में उनकी मदद करने का वादा किया है। अमिताभ बच्चन ने वादा किया कि प्रतियोगी को शौचालय और बाथरूम की सुविधा मिलेगी। अभिनेता ने कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि प्रतियोगी जयंत दुले के घर में एक वॉशरूम बनाया जाए।*



### तालाब में नहाने को मजबूर मां-बहन

जब अमिताभ बच्चन को पता चला कि जयंत दुले भी अपने गांव वालों की तरह निजी शौचालय की सुविधा न होने के कारण परेशान हैं तो उन्होंने मदद करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वे जयंत के लिए शौचालय बनवाएंगे, ताकि गांव वालों में स्वच्छता की आदतें बढ़ें। 25 वर्षीय जयंत दुले अगई में एक छात्र होने के साथ-साथ अंशकालिक शिक्षक भी हैं। वे अपनी मां और बहन के नहाने के लिए एक शौचालय बनाने के लिए शो में आए थे।

### गांव की स्वच्छता में योगदान देना चाहते हैं जयंत

गांव में महिलाओं के पास वर्तमान में एक तालाब है, जो सार्वजनिक संपत्ति है और इसलिए गांव में हर कोई इसका उपयोग करता है, जिसमें जानवर भी शामिल हैं। जयंत को अपनी बहन के लिए विशेष रूप से शर्मिंदगी महसूस हुई, जो अपनी खराब वित्तीय स्थिति के कारण सार्वजनिक तालाब में नहाने के लिए मजबूर है। अपनी मां और बहन की स्थिति के बारे में बात करते हुए जयंत ने अपने गांव में स्वच्छता की आवश्यकता के बारे में भी बात की और बताया कि वह किसी भी तरह से इसमें योगदान देना चाहते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 22 अगस्त को होगी जेपीसी की पहली बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में संसद भवन एनेक्सी में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली 22 अगस्त को बैठक होगी। जिसमें केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय के प्रतिनिधि सदस्यों को विधेयक के बारे में जानकारी देंगे।

### 'न्याय यात्रा' में शामिल हुए दिग्विजय सिंह

**मोरबी।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को गुजरात सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने राज्य में मोरबी पुल हादसे और राजकोट गेम जोन में अग्निकांड जैसी घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर हमला किया। सिंह ने कहा कि राज्य सरकार नियमों और सुरक्षा प्रक्रिया का पालन नहीं कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मोरबी से शुरू हुई 'न्याय यात्रा' में शामिल होने आए। इस यात्रा का मकसद पिछले पांच वर्षों में भाजपा शासित गुजरात में हुई बड़ी त्रासदियों के पीड़ितों को न्याय दिलाना है।

### कोलकाता में ब्लू लाइन की मेट्रो सेवाएं 40 मिनट तक रही बाधित

**कोलकाता।** कोलकाता में सिग्नल प्वाइंट सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण शनिवार को ब्लू लाइन के दक्षिणेश्वर और दमदम स्टेशनों के बीच अप और डाउन दोनों खंडों पर मेट्रो रेलवे सेवाएं 40 मिनट से अधिक समय तक स्थगित रही। मामले में कोलकाता मेट्रो के प्रवक्ता ने बताया कि हालांकि, इस दौरान दमदम-न्यू गरिया (कवि सुभाष) स्टेशनों के बीच सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं। बता दें कि ब्लू लाइन के दक्षिणेश्वर-दमदम खंड के बीच दमदम समेत महानगर के उत्तरी हिस्से में चार स्टेशन हैं। जबकि पूरा ब्लू लाइन कॉरिडोर शहर के उत्तरी और दक्षिणी छोरों को जोड़ता है - दक्षिणेश्वर से न्यू गरिया (कवि सुभाष) तक।

### विमान में बोर्डिंग के समय परेशानी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से राजस्थान के उदयपुर जाने वाले विमान संख्या AI 469 में बोर्डिंग के समय यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयर इंडिया ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट किया और कहा कि विमान यात्रियों को लेकर रवाना होगा। सोशल मीडिया हैंडल पर शिकायत किए जाने के बाद एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर जवाब दिया और कहा कि विमान के परिचालन समय में देरी अपरिहार्य कारणों से हुई है।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस

# हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप

**एजेंसी । कोलकाता**

*पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर से दरिंदगी के खिलाफ डॉक्टरों की देशव्यापी हड़ताल से शनिवार को स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। इंडियन मेडिकल एसोशिएशन (आईएमए) के एक दिन की हड़ताल के आह्वान पर पश्चिम बंगाल के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में डॉक्टरों ने कामकाज बंद रखा। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टर्स से हड़ताल खत्म करने की अपील की। मंत्रालय ने कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय सुझाने के लिए समिति का गठन किया जाएगा।*

- देशभर के अस्पतालों में ओपीडी बंद होने से मरीज परेशान हुए
- केंद्र ने कहा- डॉक्टर काम पर लौटें, मांगों को लेकर समिति बनाएंगे




### रिजिजू बोले- हर कोई चिंतित

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कोलकाता की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर हर कोई चिंतित है। यह सिर्फ स्वास्थ्य कर्मचारियों का मामला नहीं है, बल्कि यह सभी की सुरक्षा का मामला है। पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर हर कोई चिंतित है। इस घटना से लोगों में रोष है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी सभी जरूर कदम उठाए हैं।

## कहां- क्या हालात

### पश्चिम बंगाल

कोलकाता में सरकारी और निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने प्रशिक्षु चिकित्सक से दरिंदगी और 14 अगस्त को अस्पताल में की गई तोड़फोड़ का विरोध किया, जिससे बाह्य रोगी विभागों में सेवाएं प्रभावित हुईं। राज्य में सरकारी के अलावा निजी अस्पतलों में भी डॉक्टरों ने काम बंद रखा। मणिपाल हॉस्पिटल्स ने कहा कि आईएमए के आह्वान पर नियमित ओपीडी सेवाएं बंद कर दी गई हैं। हालांकि, आपातकालीन और आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी। आईएलएस हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देबाशीष धर ने कहा, आईएमए की हड़ताल के साथ एकजुटता दिखाते हुए हमने अपनी सभी इकाइयों में ओपीडी सेवाएं और वैकल्पिक सर्जरी स्थगित कर दी हैं। सूत्रों ने बताया कि रविवार को साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाला डूरंड कप डर्बी मैच भी रद्द कर दिया गया है।

### उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में आईएमए से जुड़े निजी डॉक्टरों ने शनिवार को काम पूरी तरह से ठप रखा। हड़ताल से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुईं और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। उधर, घटना को लेकर लखनऊ में लगातार प्रदर्शन कर रहे किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के जूनियर डॉक्टरों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर काला रक्षा बंधन मनाया। साथ ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### राजस्थान

आईएमए के आह्वान के बाद डॉक्टरों की हड़ताल से राजस्थान के लगभग सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया गया। वार्ड में भी व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं हालांकि, आपातकालीन सेवाएं चालू रहीं। जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सालय में सभी चिकित्सकों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान ओपीडी मरीजों को दिक्कतों का सामना पड़ा लेकिन बाद में अस्पताल में सभी सरकारी चिकित्सक काम पर लौट आए।

### पंजाब-हरियाणा

चंडीगढ़ में पीजीआईएमईआर में रेजिडेंट डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। पीजीआईएमईआर के संकाय सदस्य का संघ भी आईएमए के आह्वान का समर्थन कर रहा है। आईएमए की पंजाब इकाई के सलाहकार नवजोत दहिया ने कहा कि महिला चिकित्सक के लिए न्याय और चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग को लेकर पटियाला, अमृतसर तथा लुधियाना में कई जगहों पर स्वास्थ्यकर्मियों ने धरना दिया।

### महाराष्ट्र

महाराष्ट्र के रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को पांचवें दिन भी जारी रही। निजी चिकित्सक भी हड़ताल में शामिल हो गए, जिससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के कारण बाह्य रोगी विभाग, नियोजित सर्जरी और प्रयोगशाला प्रक्रियाओं जैसी वैकल्पिक सेवाएं प्रभावित हुईं, लेकिन आपातकालीन सेवाएं जारी रहीं।

### कर्नाटक

कर्नाटक में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्य देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। दक्षिणी राज्य के कई हिस्सों में चिकित्सक विरोध जुलूस निकाल रहे हैं। बेंगलुरु के चामराजपेट में आईएमए कार्यालय में आंदोलन हो रहा है जिसमें एक हजार से अधिक चिकित्सक शामिल हुए। आईएमए की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष श्रीनिवास एस ने बताया कि पूरे राज्य में इसकी शाखाएं बंद रहेंगी और कहीं भी ओपीडी सेवाएं नहीं होंगी। उन्होंने कहा, हम बस इस युवा महिला चिकित्सक के लिए न्याय चाहते हैं।

### ओडिशा

ओडिशा में विरोध-प्रदर्शन में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) के लगभग छह हजार सदस्य शामिल हुए। इसके चलते सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और प्रयोगशाला सेवाएं बंद रहीं। स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि सरकार विभिन्न चिकित्सक संघों से बातचीत कर रही है और प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से काम पर लौटने का अनुरोध किया है।




### असम

असम के चिकित्सक शनिवार को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने तथा चिकित्सा क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक केंद्रीय कानून बनाने की मांग की। हड़ताल के कारण अस्पतालों में ओपीडी और गैर-आवश्यक सेवाएं लगभग ठप रहीं।

### गोवा

गोवा में निजी 'प्रैक्टिस' करने वाले चिकित्सक तथा अनेक निजी अस्पतालों के चिकित्सक राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल हुए। आईएमए गोवा के अध्यक्ष डॉ. संदेश चोडानकर ने कहा कि निजी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि आपातकालीन और आकस्मिक सेवाओं से जुड़े चिकित्सक आंदोलन में शामिल नहीं हुए हैं।

### केरल

केरल में बड़ी संख्या में चिकित्सक शनिवार को मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के बाहर एकत्रित हुए और हाथों में तख्तियां तथा बैनर लेकर बर्बरता की शिकार महिला चिकित्सक के लिए न्याय और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा की मांग की। राज्य के एर्नाकुलम जिले के सामान्य अस्पताल सहित कई अन्य अस्पतालों के बाहर भी इसी तरह के दृश्य देखे गए। हालांकि, आपातकालीन सेवाओं पर हड़ताल का असर नहीं पड़ा।

### मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चिकित्सकों को अपनी हड़ताल वापस लेने और राज्य में ड्यूटी पर लौटने का शनिवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह की खंडपीठ ने हड़ताल को चुनौती देने वाली नरसिंहपुर जिले के निवासी अंशुल तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया।

### नगालैंड

नगालैंड में चिकित्सकों की हड़ताल से राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नगालैंड स्टेट ब्रांच' (आईएमएएनएसबी), 'नगालैंड इन-सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन' (एनआईडीए) और 'इंडियन डेंटल एसोसिएशन नगालैंड स्टेट ब्रांच' (आईडीएएनएसबी) ने काम ठप रखा।

### अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश के नाहरलगुन में 'टोमो रीबा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज' के चिकित्सकों ने आपातकालीन और ट्रॉमा विभाग के सामने विरोध प्रदर्शन किया। तख्तियां हाथ में लेकर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने नारेबाजी की और मृतका तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए न्याय की मांग की।

### त्रिपुरा

त्रिपुरा में डॉक्टरों के राष्ट्रव्यापी हड़ताल और विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की त्रिपुरा इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. दामोदर चटर्जी ने कहा, जघन्य अपराध के पीड़ित परिवार के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए, हम राष्ट्रव्यापी बंद में शामिल हुए। हमने पहले ही इस जघन्य घटना के खिलाफ एक रैली का आयोजन किया है।

### मणिपुर

मणिपुर में क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) और जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जेएनआईएमएस) सहित सभी अस्पतालों में बाह्य रोगी विभाग बंद रहे। जेएनआईएमएस के डॉक्टर हेसनाम अंगम्बा ने बताया कि हम पीड़ित डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हैं। साथ ही कार्यस्थलों पर चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## विदेश में भी प्रदर्शन

### लंदन में भारतीय डॉक्टरों ने खुला पत्र लिखा

ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के एक समूह ने एक खुला पत्र लिखकर प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की। पत्र में अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर के साथ क्रूर दुष्कर्म और हत्या तथा पश्चिम बंगाल सरकार की निष्क्रियता की निंदा की गई। लंदन में इंडिया हाउस के बाहर आयोजित विरोध प्रदर्शन और भारत में डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए एडिनबर्ग और लीड्स जैसे शहरों




में इसी तरह के समारोहों के बाद यह पत्र लिखा गया। ब्रिटेन में 22 अगस्त को लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास ब्रिटिश भारतीय महिला डॉक्टर प्रदर्शन करेंगी।

### ढाका विश्वविद्यालय के छात्र भी समर्थन में उतरे

बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी के विरोध में जारी प्रदर्शनों में शामिल होकर एकजुटता दिखाई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आवाज तोलो नारी के बैनर तले आयोजित यह प्रदर्शन ढाका विश्वविद्यालय में राजू मूर्तिकला के निकट किया गया।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा की सामग्री के उपयोग पर रोक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा के नाम, पात्रों और सामग्री के अनधिकृत उपयोग पर रोक लगा दी है। इस धारावाहिक के निर्माताओं ने आरोप लगाया है कि कई संस्थाएं व्यावसायिक लाभ के लिए वेबसाइट संचालित कर, सामान बेचकर और यहां तक कि यूट्यूब पर अश्लील वीडियो प्रसारित कर इसके नाम, पात्रों की तस्वीरें आदि का इस्तेमाल कर रही हैं।

### 16 से अधिक वर्ष से प्रसारित हो रहा है कार्यक्रम




16 से अधिक वर्ष से प्रसारित हो रहे इस धारावाहिक के लगभग चार हजार एपिसोड आ चुके हैं। धारावाहिक के प्रोड्यूसर द्वारा दायर मुकदमे पर कई ज्ञात और अज्ञात संस्थाओं के खिलाफ एक अंतरिम आदेश पारित कर न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा कि अगर एकतरफा अंतरिम रोक नहीं लगाई गई तो वादी को अपूरणीय क्षति होगी। वादी नीला फिल्म प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि उसके पास अपने धारावाहिक और इसके पात्रों से संबंधित भारत में कई पंजीकृत ट्रेडमार्क पर वैधानिक अधिकार है। इसके कुछ ट्रेडमार्क तारक मेहता का उल्टा चश्मा, उल्टा चश्मा, तारक मेहता, जेठालाल, गोकुलधाम आदि हैं।

# बिहार में गंगा सहित अधिकांश नदियों का जल नहाने योग्य नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रभात कुमार बिहार में गंगा सहित अधिकांश नदियों का पानी लोगों के नहाने लायक नहीं है। इतना ही नहीं, प्रदूषित नदियों के खंड (स्ट्रेच) कम होने के बजाए और अधिक बढ़ गया है। इसका खुलासा, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में नदियों के पानी की गुणवत्ता को लेकर पेश एक रिपोर्ट में किया गया है।

### फेकल कोलीफार्म तय मानक से कई गुणा तक अधिक



एनजीटी में पेश इस रिपोर्ट में गया है कि गंगा, बागमती, दाहा, गंडक, घाघरा, कमला, कोशी सहित अधिकांश नदियों में मलमूत्र जनित बैक्ट्रिया यानी फेकल कोलीफार्म तय मानक से कई गुणा तक अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी 100 एमएल जल में 92 हजार एमपीएन तक फेकल कोलीफार्म बैक्ट्रिया है। जबकि सीपीसीबी द्वारा तय मानक के हिसाब से नहाने योग्य पानी में 100 एमएल पानी में 2500 एमपीएन से कम फेकल कोलीफार्म बैक्ट्रिया होने चाहिए।

# ग्लोबल साउथ समिट: अलगाववाद हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा -मोदी

### 2.5 करोड़ डॉलर का प्रारंभिक योगदान देगा भारत सोशल इम्पैक्ट फंड में

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। मोदी ने दुनियाभर में अनिश्चितताओं के परिणामों पर चिंता जताते हुए ग्लोबल साउथ के देशों से खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा संकट एवं अन्य



चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह समय की मांग है कि ग्लोबल साउथ के देश एकजुट हों, एक आवाज में खड़े हों और एक-दूसरे की ताकत बनें। आइए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखें।

### भारत विकासशील देशों की अग्रणी आवाज

मोदी ने भारत द्वारा डिजिटल रूप से आयोजित 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन के तीसरे संस्करण के शुरुआती भाषण में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों, विशेष रूप से अफ्रीकी महाद्वीप की चिंताओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को उजागर करते हुए खुद को एक अग्रणी आवाज के रूप में स्थापित किया है।

# प्राथमिकी दर्ज करने से पहले सरकारी राय जरूरी नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के हालिया आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने पुलिस को जारी आदेश में कहा था कि अगर किसी मामले में धोखाधड़ी, ठगी या आपराधिक विश्वासघात की प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करनी हो और वह मामला नागरिक विवाद का लग रहा हो, तो पहले सरकार की कानूनी राय ली जाए। जस्टिस सी.टी. रविकुमार और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर यह आदेश दिया। पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के कुछ हिस्सों पर रोक लगा लगा दी, जिनमें कई निर्देश जारी किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त को कहा, चार हफ्तों में नोटिस जारी करें। 18 अप्रैल,



2024 के आदेश के पैरा 15 से 17 का क्रियान्वयन अगली तारीख तक स्थगित रहेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार (यूपी) ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। जिसमें आदेश की अवहेलना करने पर अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। यह आदेश एक नागरिक विवाद के मामले में दिया गया था, जिसमें जमीन के मालिकाना हक को लेकर पुलिस को धोखाधड़ी, ठगी और आपराधिक विश्वासघात की एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था।

# नए ट्रेन इंजनों में शौचालय और एसी की होगी सुविधा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रेलवे बोर्ड ने सभी नए ट्रेन इंजनों में शौचालय और एसी लगाने का फैसला लिया है। इसके अलावा, इंजन एर्गोनोमिक सीट से भी लैस होंगे, जिससे लोको पायलटों को थकावट नहीं होगी। रेलवे बोर्ड की इस पहल से मानवीय चूक से होने वाले रेल हादसों में कमी आएगी। भारतीय रेलवे के 70 हजार से अधिक लोको पायलट को इसका फायदा मिलेगा। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, भारतीय रेलवे में 15,000 इंजन हैं, इसमें से 7075 इंजनों में एसी लगाया जा चुका है। नए बनने वाले सभी इंजनों में एसी और टॉयलेट लगाए जाएंगे। इंजनों में एर्गोनोमिक सीट और लोको पायलट डेस्क होगी। उन्होंने बताया, बचे हुए पुराने इंजनों में एसी और एर्गोनोमिक सीट लगाई जा रही है, लेकिन जटिल डिजाइन होने के कारण शौचालय नहीं लगाए जा सकते हैं। वहीं, लोको पायलटों के आराम के लिए देशभर में

### नींद पूरी नहीं होती

निर्धारित घंटों से अधिक ड्यूटी और पर्याप्त छुट्टी नहीं मिलने के कारण लोको पायलटों की नींद पूरी नहीं होती है। इससे थकान, अनिद्रा, मानसिक तनाव बढता है, जिससे लोको पायलट एकाग्रचित होकर रेल नहीं चला सकते हैं। लोको पायलटों के लिए लंच-डिनर और टॉयलेट की बेहतर सुविधा नहीं होती है।



समस्त 558 रिटायरिंग रूम में एसी लगा दिए गए हैं। रिटायरिंग रूम में फुट मसाजर भी लगाए गए हैं और खानपान की बेहतर गुणवत्ता के लिए किचन में सुधार किया जा रहा है।

### 12 घंटे तक चलानी पड़ती है ट्रेन

लोको पायलटों की सबसे बड़ी समस्या लगातार नाइट ड्यूटी और निर्धारित घंटे से अधिक ट्रेन चलाना है। रेलवे बोर्ड के सेफ्टी इनफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एसआईएमएस) के आंकड़े के अनुसार, 68.1 फीसदी लोको पायलट नौ घंटे तक ट्रेन चलाते हैं। 17.2 फीसदी लोको पायलट नौ से 11 घंटे, 6.2 फीसदी 11 से 12 घंटे और आठ फीसदी 12 घंटे से अधिक ड्यूटी करते हैं। मालगाड़ी के मामले में लोको पायलट को 16 से 18 घंटे अथवा इससे अधिक समय तक ड्यूटी करनी पड़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोको पायलटों के काम के घंटे तय करने के लिए छह कार्यकारी अधिकारियों की एक समिति बनाई है। इससे उनके काम के घंटे आठ से नौ घंटे होने की संभावना है।

### भर्ती के आदेश जारी हुए

पश्चिम बंगाल में जून में हुए कंचनजंघा ट्रेन हादसे के तुरंत बाद रेलवे बोर्ड ने 18,799 सहायक लोको पॉयलेट के तत्काल प्रभाव से भर्ती के आदेश जारी किए हैं। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए। रेलवे के इस फैसले से ओवर ड्यूटी कर रहे लोको पायलटों का बोझ कम होगा और मानवीय चूक से होने वाले हादसों में कमी आएगी।

# 'भाजपा एससी-एसटी और ओबीसी को आरक्षण से दूर रखकर भर्तियां कर रही'

### मल्लिकार्जुन खरगे ने लगाया आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र में 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भर्ती एससी-एसटी और ओबीसी को आरक्षण से दूर रखने की केंद्र सरकार की साजिश है। खरने ने एक विज्ञापन का हवाला दिया, जिसमें 45 पदों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, संविधान को तार-तार करती भाजपा ने किया आरक्षण पर डबल वार। पहला, आज केंद्र में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के करीब 45 पद लेटरल एंट्री द्वारा भरने का विज्ञापन निकाला है। उन्होंने पूछा, क्या इसमें अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का



आरक्षण है? कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सोची समझी साजिश के तहत भाजपा नौकरियों में ऐसे भर्ती कर रही है, ताकि आरक्षण से इन समुदायों को दूर रखा जा सके। खरगे ने कहा कि दूसरा, उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण घोटाले का अब उच्च न्यायालय के फैसले से पर्दाफाश हो चुका है।